# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–73 । सागर, शुक्रवार 2 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

बैंक मित्रो को निजी कंपनी से हटाकर, सीधे बैंकों से जोड़ा जाए — पृष्ठ 2

▸ इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा
▸ केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका — पृष्ठ 4

▸ शराब पीने-पिलाने पर 11 हजार और बेची तो 21 हजार रुपए का लगेगा जुर्माना — पृष्ठ 6

निगम आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर अधूरे कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश — पृष्ठ 8

### पहलगाम हमले की जांच की मांग वाली याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# हमारी सेनाओं का मनोबल मत गिराइए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की न्यायिक जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए तीखी टिप्पणी की कि क्या इस तरह की याचिकाओं का उद्देश्य देश की सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना है।

यह याचिका न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष उल्लेख की गई थी। अदालत ने इसके समय और उद्देश्य को लेकर गंभीर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने तीखे शब्दों में पूछा, क्या आप हमारी सेनाओं का मनोबल इस तरह गिराना चाहते हैं? जनहित याचिका दाखिल करने से पहले जिम्मेदारी दिखाइए, आपका देश के प्रति भी एक कर्तव्य है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी अभियानों जैसे मामलों की जांच न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में



नहीं आती। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पूछा, हम सुप्रीम कोर्ट के जज कब से इन मामलों के विशेषज्ञ हो गए? अदालत ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना और उस पर आगे विचार करने से इनकार कर दिया।

इस जनहित याचिका को एक अज्ञात याचिकाकर्ता ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दाखिल किया था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। याचिका में इस घटना की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की गई थी, साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में पढ़ने वाले कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई गई थी। हालांकि, अदालत ने यह इंगित किया कि याचिका के प्रारंभिक निवेदन में छात्रों की सुरक्षा से संबंधित कोई स्पष्ट प्रार्थना नहीं की गई थी। पीठ ने इस याचिका को गलत समय पर दाखिल की गई और संवेदनशीलता को न समझने वाली बताते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की। यह वह समय नहीं है। यह वह घड़ी है जब हर नागरिक एकजुट हो रहा है। यह हमें स्वीकार्य नहीं है। मामले की गंभीरता को देखिए, अदालत ने कहा। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति एन.के. सिंह ने यह सुझाव दिया कि कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा से संबंधित याचिका ■ शेष पृष्ठ 5 पर

## पाकिस्तान ने बंद की वाघा सीमा, फंसे कई लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान की सरकारों के बीच जारी तनाव के बीच एक-दूसरे देश के नागरिकों को वापस भेजने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। जिसके बाद पाकिस्तान ने अपनी वाघा सीमा को सील कर दिया है, जिससे भारत से पाकिस्तान जाने वाले कई नागरिक भारत और पकिस्तान की सीमा के बीच में ही फंस गए हैं। इन पाकिस्तानी नागरिकों को लौटने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल गुरुवार को पाकिस्तान ने अटारी सीमा के गेट नहीं खोले। ऐसे में अल्पकालिक वीजा पर भारत आए वो पाकिस्तानी जो अपने घर वापस लौट रहे थे, वो अटारी-वाघा सीमा पर फंस गए हैं। पाकिस्तान की ओर से सीमा के गेट नहीं खोले जाने के कारण कई लोग अटारी और वाघा बॉर्डर के बीच कड़ी धूप में धक्के खाने को मजबूर हो गए।

### अधिकारी बोले- अब बॉर्डर पूरी तरह से बंद

पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर केन्द्र सरकार द्वारा अल्पकालिक वीजा वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद दोनों देशों के बीच अटारी-वाघा सीमा पारगमन स्थल को गुरुवार को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इस सीमा पार करने के लिए एक सप्ताह तक चली लोगों की भारी आवाजाही के बाद बंद किया गया है।

### 125 पाक नागरिक गए, 152 भारतीय वापस लौटे

इससे पहले बुधवार को अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से कुल 125 पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस पाकिस्तान चले गए, जिससे पिछले सात दिनों में देश छोड़ने वाले पाकिस्तानियों की कुल संख्या 911 हो गई। इसी प्रकार दीर्घकालिक भारतीय वीजा वाले 152 भारतीय नागरिक और 73 पाकिस्तानी नागरिक पंजाब के अमृतसर जिले ■ शेष पृष्ठ 5 पर

## पाकिस्तानियों को वापस भेजने से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने का फैसला लिया था। इस फैसले के बाद से भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक वापस जा रहे हैं। इन पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाने से रोकने के लिए अब सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। अब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शुक्रवार को पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने से रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई की जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत की अदालत के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने शीघ्र सुनवाई की गुहार के साथ याचिका लगाई हैं, जिनमें एक याचिका अहमद तारिक बट्ट ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### गृहमंत्री ने दी चेतावनी, चुन-चुन कर मारेंगे

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा

- आतंकवाद के खात्मे तक लड़ाई जारी रहेगी
- हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की संभावित कार्रवाई से पाकिस्तान डरा हुआ है। इस बीच दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद और आतंकियों के आका को चेतावनी दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई कायराना हमला करके सोचता है कि ये उनकी जीत है तो वो समझ लें कि चुन-चुन कर बदला लेंगे। किसी को बखशा नहीं जाएगा।

कार्यक्रम के शुरुआत में गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा। केंदीय गृहमंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उनको सजा दी जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे उत्तर पूर्व हो, चाहे ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### आईएनएस-सूरत हजीरा पोर्ट पर तैनात

इस बीच नेवी का जंगी जहाज आईएनएस-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया। इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

### पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी

उधर, पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियों पर अपने झंडे फिर लगा दिए हैं। एक दिन पहले पाक ने चौकियों से झंडे हटा दिए थे। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी है।

## पहलगाम हमले के दोषियों को कठघरे में लाएंगे

- भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध
- अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से हुई बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों, षड्यंत्रकारियों और उन्हें सहयोग देने वालों को न्याय के कठघरे में हर हाल में लाया जाएगा। इस पर श्री रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डॉ. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात करने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उधर वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए ■ शेष पृष्ठ 5 पर

## सार-समाचार

### सर्वोदय परिवार की सदस्य डॉ. संघमित्रा देसाई का निधन



**सूरत, देशबन्धु।** सर्वोदय परिवार की वरिष्ठ सदस्य डॉ. संघमित्रा देसाई का 78 वर्ष की आयु में कल रात वेड़छी (सूरत) में हृदयाघात से निधन हो गया। वे महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे महादेव देसाई की पौत्री, प्रसिद्ध शांतिवादी चिंतक व गांधी कथा के प्रणेता नारायण भाई देसाई की पुत्री और दिवंगत पत्रकार नचिकेता देसाई व वरिष्ठ समाजवादी कार्यकर्ता अफलातून की बहन थीं। उनके परिवार में पति डॉक्टर सुरेंद्र गाडेकर और बेटी चारुस्मिता हैं।

डॉ. संघमित्रा ने गुजरात की साम्प्रदायिक हिंसा में हुई विधवाओं और प्राकृतिक रंगों से कपड़े रंगने वाले मुस्लिम रंगरेजों को रोजगार मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा परमाणु बिजली घरों के आसपास विकिरण से लोगों के स्वास्थ्य पर हुए दुष्प्रभाव का वैज्ञानिक सर्वे अपने जीवनसाथी भौतिकविद डॉ. सुरेंद्र गाडेकर के साथ किया था।

इससे पहले 1971 के युद्ध के दौरान मेडिकल कॉलेज के अपने साथियों के साथ पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के शरणार्थियों के बीच भी सेवा कार्य किया था।

#### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नये संशोधन 15 मई से होंगे प्रभावी

### कम से कम 11 और अधिकतम 2 सौ जोड़ों का हो सकेगा सामूहिक विवाह

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी होंगे। नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है। साथ ही सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 तथा अधिकतम 200 निर्धारित की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने की अन्य शर्तें पूर्ववत ही रखी गयी हैं। योजना के तहत 49 हजार रूपये सीधे वधु के खाते में ट्रांसफर किये जाते हैं तथा 6 हजार रूपये की राशि आयोजनकर्ताओं को व्यवस्थाओं के लिये दिया जाता है।

### सात्विक-चिराग को खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्टार भारतीय बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया। इस जोड़ी को पिछले साल प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की गयी थी, लेकिन मलेशिया ओपन सुपर 1000 के कारण वे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके।

### अमृतसर सीमा पर हथियारों की खेप बरामद

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सीमा पार के आतंकवादी गिरोह के खिलाफ एक बड़ी सफलता में अमृतसर जिले के भरोपाल गांव के पास हथियारों, गोला-बारूद और ग्रेनेड का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। तलाशी अभियान में दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल और छह मैगजीन तथा 50 जिंदा कारतूस बरामद हुए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में हथियारों की यह खेप बरामद की गई।

### गुलाम नबी फई अपराधी घोषित

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के बडगाम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत के विशेष न्यायाधीश ने कश्मीर में जन्मे और अमेरिका में रहने वाले गुलाम नबी फई को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराधी घोषित किया है। पुलिस ने कहा कि बडगाम के वडवान निवासी फई वर्तमान में अमेरिका में छिपा हुआ है और उसके खिलाफ यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत बडगाम पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज है।

#### मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन का उदघाटन किया

## मीडिया और मनोरंजन उद्योग के सभी लोग एक साथ आएंगे



**मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में पहली बार वेव्स शिखर सम्मेलन (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का उद्घाटन किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के सभी लोग एक साथ आएंगे। इसका आयोजन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में किया जा रहा है। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के लोगों को मराठी में राज्य दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुजरातियों को भी राज्य की भाषा में शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, करीब 100 से अधिक देशों के निवेशक और नीति निर्माता एक छत के नीचे एकत्र हुए हैं।

### करंट से 3 की मौत

**खेड़ा (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के खेड़ा जिले के ठासरा में गुरुवार को एक हंसता-खेलता परिवार शोक में डूब गया। परिवार के तीन सदस्यों को एक साथ करंट लगा, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य महिला झुलस गई है, जिसका इलाज चल रहा है। यह घटना ठासरा तालुका के अगरवा गांव की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह हादसा खेत में स्थित रूम में पानी की मोटर से करंट फैलने के कारण हुआ।

## जीएसटी से सरकार ने बनाया रिकॉर्ड, अप्रैल में कमाए 2.37 लाख करोड़ का संग्रहण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का जीएसटी संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है. वित्त वर्ष 2026 के पहले महीने में ही सरकार ने जीएसटी कलेक्शन के मामले में नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है. सरकार के कलेक्शन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले में 12 फीसदी से ज्यादा का ग्रोथ देखने को मिला है. जानकारों की मानें जो जीएसटी कलेक्शन में इजाफे की प्रमुख वजह सरकार की टैक्स रोकने और नियमों को आसान बनाना है. आने वाले दिनों में इस कलेक्शन में और भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है. सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन का टारगेट 17 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखा है. जिसमें करीब पौने 12 लाख करोड़ रुपए का टारगेट जीएसटी कलेक्शन का है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर अप्रैल के महीने में जीएसटी कलेक्शन कितना रहा?

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल के दौरान भारत का जीएसटी कलेक्शन 12.6 फीसदी बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया. पिछले महीने, भारत का इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन मार्च के दौरान 9.9 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया था. अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपए था ङ्क 1 जुलाई, 2017 को इनडायरेक्ट टैक्स व्यवस्था के लागू होने के बाद से यह दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है. घरेलू ट्रांजेक्शन से जीएसटी रेवेन्यू 10.7 फीसदी बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि इंपोर्टेड वस्तुओं से रेवेन्यू 20.8 फीसदी बढ़कर 46,913 करोड़ रुपए हो गया. अप्रैल के दौरान जारी रिफंड 48.3 फीसदी बढ़कर 27,341 करोड़ रुपए हो गया। इससे पहले, फरवरी में घरेलू सोर्स से दोहरे अंकों में कलेक्शन की वजह से जीएसटी टैक्स कलेक्शन 9.1 फीसदी बढ़कर 183,646 करोड़ रुपए हो गया था. जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12.3 फीसदी अधिक है. इसका मतलब है कि मौजूदा साल में अब तक जीएसटी कलेक्शन 8.13 लाख करोड़ रुपए हो गया है. दिसंबर में जीएसटी संग्रह 1.77 लाख करोड़ रुपए रहा, जो साल-दर-साल 7.3त्न की वृद्धि दर्शाता है. नवंबर में दर्ज 8.5त्न की वृद्धि से यह मंदी थी, जिसका कारण त्योहारी सीजन के बाद खपत में कमी थी।

## 73 साल के बुजुर्ग ने 12 साल की बच्ची से किया बलात्कार

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल में 73 साल के वृद्ध व्यक्ति ने 12 साल की नाबालिग से बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बारे में जब लोगों को पता चला तो आक्रोश फैल गया, इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने मस्जिद पर पथराव कर दिया. इसी के साथ वर्ग विशेष के लोगों के साथ मारपीट कर उनकी दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की. पूरे शहर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

### गुस्साई भीड़ ने मस्जिद पर किया पथराव और दुकानों में तोड़फोड़

इस घटना के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. शहर में अचानक विवाद की स्थिति को देखते हुए आसपास के थानों की पुलिस को नैनीताल में बुला लिया गया है, ताकि शहर में शांति व्यवस्था कायम रहे. वहीं बच्ची के साथ हुई घटना के विरोध में एकत्र हुई भीड़ जब कोतवाली पहुंची तो पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की घटना भी सामने आई. आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान कुछ देर के लिए स्थिति पूरी तरह तनावपूर्ण हो गई. पुलिस ने संयम बरतते हुए हालात को संभाला. कुछ युवकों ने पुलिस बैरिकेड्स को हटाने की कोशिश की, जिसे समय रहते नियंत्रण में लिया गया. कुछ स्थानों पर हंगामा और नारेबाजी भी हुई. इस मौके पर कोतवाली में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जैसे-तैसे मामला शांत कराया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही नाबालिग का मेडिकल कराया गया है। इस पूरे मामले को लेकर एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया नाबालिग ने उसके साथ लगातार 3 महीने से हो रहे बलात्कार की घटना अपने परिजनों को बताई, इसके बाद परिजनों ने लिखित शिकायत पुलिस को दी. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. इस पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सागर जिले के गढ़ाकोटा में 3 हजार से अधिक जोड़े विवाह सूत्र में बंधे, मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद, बोले-

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का है सशक्त माध्यम

### मुख्यमंत्री व जन-प्रतिनिधियों ने नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। यह बात डॉ. यादव ने सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिन्हें मुख्यमंत्री सहित वहां मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों ने बधाई देने के साथ ही सुखी और संपन्न पारिवारिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

डॉ. यादव ने कहा कि मुझे विश्वास है कि वर पक्ष के परिवार बहू को बेटी के समान ही प्यार और सम्मान देगें। उन्होंने कहा कि गढ़ाकोटा में आयोजित सामूहिक





विवाह कार्यक्रम में निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र कार्य है। उन्होने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणियों के पुनर्विवाह, नि:शक्तजन के विवाह और सामाजिक समरसता स्थापित करने, अंतर्जातीय विवाह को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### समाज से भेदभाव मिटाने का कार्य कर रहा सामूहिक विवाह समारोह : भार्गव

रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने मुख्यमंत्री सामूहिक –विवाह/निकाह समारोह में कहा कि कन्यादान महादान है, कन्यादान करने से मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि कन्यादान विवाह समारोह समाज से भेदभाव मिटाने का कार्य भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि 23 वर्ष पहले प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम जीवन के अंतिम क्षण तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका रहली की जनता के साथ पीढ़ियों का रिश्ता है। श्री भार्गव ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक महाकुंभ में आज 3 हजार 219 से अधिक नवदंपत्तियों ने 7 फेरे लिए हैं। मुझे अब तक 28 हजार से अधिक बेटियों का कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### सामूहिक विवाह समारोह में हुआ था बेटे का विवाह

श्री भार्गव ने कहा कि मैंने अपने इकलौते बेटे अभिषेक दीपू भार्गव का विवाह भी इसी महाकुंभ में सभी वर्गों एवं विभिन्न जातियों के जोड़ों के साथ कराया था। इसी प्रकार मैंने अपनी बेटी का विवाह भी सामूहिक विवाह समारोह में किया था। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मिलित होकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी नव दंपत्तियों के लिए शुभकामना संदेश भेजा है।

### बुंदेली व्यंजनों का चखा स्वाद

इस आयोजन में 3 हजार से अधिक नव-दंपत्तियों के साथ घराती-बरातियों का बुंदेली व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। कन्यादान कार्यक्रम में सभी बुंदेली व्यंजनों के साथ आम का पाना, फ्रूटी आईसक्रीम, कढ़ी-चावल, बिजोरा, रोटी, खीर, पुरी, पापड़, चटनी, अचार सलाद सहित अन्य बुंदेली व्यंजन परोसे गए।

# बैंक मित्रो को निजी कंपनी से हटाकर, सीधे बैंकों से जोड़ा जाए



**मालथौन, देशबन्धु।** मप्र बैंक मित्रो ने काली पट्टी बांधकर सरकार के नाम अनुविभागीय अधिकारी और बैंक अधिकारियों को ज्ञापन सौपकर मांग उठाई कि मप्र में कुल 25 हजार विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के बैंक मित्र कार्यरत है। जो अपनी सेवायें निरंतर 15-16 वर्षों से प्रदान करते आ रहे हैं। जिनकी अनेक समस्याये है जिनमें से मुख्य रूप से मांग है कि बैंक मित्रों को प्रायवेट कंपनी से हटा कर डायरेक्ट बैंक से जोड़ा जाये। कुशल श्रमिक की श्रेणी में रखा जाये तथा न्यूनतम कुशल श्रमिक का जो भुगतान शासन द्वारा तय किया गया है कम से कम उतना प्रतिमाह मानदेय दिया जाये। कम से कम 15 लाख का बीमा किया जाये। बैंक मित्र की मृत्यु होने पर उसके परिवार के किसी सदस्य को काम दिया जाये। उनके उपर बीमा को लेकर दबाव नहीं बनाया जाये तथा बीमा नहीं करने की स्थिति में आईडी बंद न की जाये। बैंक मित्रों के उपयोग में होने बाली डिवाइस को खुले मार्केट से खरीदने की छूट हो। जिससे कमीशन खोरी न हो पाये। बिना कारण आईडी बंद न की जाये। एक बार अपना पक्ष रखने का समय दिया जाये। बैंक मित्रो ने बताया कि उक्त समस्यों को लेकर कई बार प्रयास किया, किन्तु दुर्भाग्यवश आज तक हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। बहुत से ऐसे बैंक मित्र है जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन इस कार्य में व्यतीत कर दिया अचानक से बिना कारण उनकी आई डी बंद कर दी जाती है। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो जाता है। जबकि हमारे बिना शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियांनवयन नहीं हो सकता ये सर्व विदित है। फिर भी हमारा इस तरह शोषण किया जा रहा है। जबकि सर्वाधिक बैंक बचत खाते खोलकर रिकार्ड बनाने की सरकार वाहवाही लूट रही है। हमारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुये कोई ठोष कदम उठाने की आवश्यकता है। जिससे हम भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके तथा अपने परिवार का भरण पोषण सुख पूर्वक कर सके।

## डीएवी बीआर को मिला प्रतिष्ठित रामकृष्ण बजाज नेशनल क्वालिटी अवार्ड




**बीना, देशबन्धु।** शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता की नित नये मिसाल कायम कर रहे डीएवी बीआर को वर्ष 2024 का प्रतिष्ठित आरबी एनक्यू अवार्ड रामकृष्ण बजाज नेशनल क्वॉलिटी अवार्ड प्रदान किया है। यह सम्मान संस्था को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशासनिक दक्षता और समग्र शैक्षणिक विकास के लिये दिया गया। मुंबई स्थित आईएमसी बिल्डिंग में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्राचार्य एके मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्राचार्य को अवार्ड प्रदान करते हुये आयोजकों ने स्कूल की नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों, विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं लीडरशिप की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा गत वर्ष आईएसओ प्रमाण पत्र और इस वर्ष आरबीएनक्यू अवार्ड, यह हमारा समर्पण दर्शाता है। यह पुरस्कार पूरे डीएवी परिवार की मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता का परिणाम है। डीएवी हमेशा से ही समग्र विकास और मूल्य आधारित शिक्षा में विश्वास रखता है और यह सम्मान हमारे मूल्यों और सामूहिक प्रयासों को नई ऊर्जा देगा। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बीना रिफायनरी बीपीसीएल प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके निरंतर सहयोग को रेखांकित किया। रिफायनरी प्रबंधन, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य में भी गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाये रखने का संकल्प लिया।

## विभिन्न निर्माण कार्यों को प्रारंभ न करने पर निगमायुक्त ने जताई नाराजगी

- 8 ठेकेदारों को 3 दिवस में कार्य प्रारंभ करने व 20 ठेकेदारों को तत्काल अनुबंध करने के निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शहर के विभिन्न निर्माण कार्यों को समय पर प्रारंभ न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा है कि जिन ठेकेदारों के द्वारा समय पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है तथा निविदा उपरांत अनुबंध का निष्पादन न करने के कारण विभिन्न निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। निगमायुक्त के निर्देशानुसार लोक कर्म शाखा द्वारा 8 ठेकेदारों को तीन दिवस में अपने-अपने कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिये। इसके बावजूद अगर संबंधित ठेकेदारों द्वारा तीन दिवस में कार्य प्रारंभ नहीं किये गये तो उनके विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा निगमायुक्त ने 20 ऐसे ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये जिन्होंने निविदा उपरांत अनुबंध का निष्पादन नहीं किया। जिस कारण विभिन्न निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सके हैं। अनुबंध का निष्पादन न करने पर उक्त 20 ठेकेदारों के विरुद्ध भी नियम अनुसार सख्त कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये संबंधित ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सीएम राइज विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर आरंभ

## खेल के साथ-साथ अन्य कौशल विधाओं को सीखेंगे स्कूली बच्चे



**बण्डा, देशबन्धु।** सीएम राइज विद्यालय में 1 से 13 मई तक 13 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वॉलीबॉल, खो-खो, शतरंज आदि खेलों के साथ-साथ चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, संगीत, गायन एवं तबला वादन जैसी अन्य कौशल विकास विधाओं में विद्यालय के बच्चों को विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा पारंगत किया जायेगा। समर कैंप समन्वयक करुणाकरण नामदेव ने बताया कि स्कूल शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग व प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये विभिन्न शिक्षण संस्थानों में समर कैंप का आयोजन किया जाता है जिससे कि बच्चे पढ़ाई के अलावा खेल एवं अन्य कौशल विधाओं को सीख कर अपना शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हुये सृजनात्मक एवं रचनात्मक आदि विशेष गुणों में भी वृद्धि कर सकें। समर कैंप के प्रथम दिवस संस्था प्राचार्य दिवाकर मिश्रा, प्रधानाध्यापक संजय सेन, प्राथमिक विभाग देवपुरा से प्रधानाध्यापिका सविता खरे, खेल शिक्षक राजेश राजपूत, देवेंद्र हजारी, अमित पटेल, रंजीत गौर, सुनील प्रजापति, अमित जैन, शिवम यादव सहित विद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों की विशेष उपस्थिति रही।

## रविदास मंदिर में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन



**सागर, देशबन्धु।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर मकरोनिया स्थित गंभीरिया में रविदास मंदिर प्रांगण में सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास के समक्ष हिन्दू रीति रिवाज से अग्नि को साक्षी मानकर सात भांवर पढकर तीन जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संत अर्जुनदास एवं संत हरीदास ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया और नवविवाहित जोड़ों ने गुरु रविदास की विचारधारा एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा पर चलने की शपथ ली। मंदिर के संस्थापक दास सीताराम अहिरवार ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर नवदंपति को शुभाशीष देकर मंगलकामनायें दी।

## कुत्ते के गंदगी करने पर विवाद, पुलिसकर्मी पर युवतियों और उनके पिता से मारपीट का आरोप

**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना क्षेत्र के अहमदनगर में पुलिसकर्मी ने युवतियों और उनके पिता के साथ मारपीट की। विवाद कुत्ते द्वारा घर के सामने पॉटी करने की बात को लेकर हुआ। मारपीट में घायल युवती की शिकायत पर गोपालगंज पुलिस ने पुलिसकर्मी समेत तीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार, फरियादिया भावना मिश्रा निवासी अहमदनगर ने थाने में शिकायत करते हुये बताया कि बुधवार की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच पुलिसकर्मी दीपेंद्र उर्फ छोटू राजपूत आये। वह पुरानी बात को लेकर गालीगलौज करने लगे। गालियां देते हुये पिता लखनलाल ने बोला कि तुमने ये कुत्ते पाल रखे हैं जो मेरे घर के सामने पॉटी करते हैं। इनको बांध कर रखो, तभी बहन नंदनी ने कहा कि जानवर हैं, कहीं भी पॉटी कर देते हैं। तुम्हारे घर के सामने कर दी होगी तो क्या हो गया। इसी बात पर दीपेंद्र ने गालियां देते हुये मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसकी बहन सरिता राजपूत और केतन राजपूत डंडा लेकर आये। उन्होंने भी मारपीट की। मारपीट में बहन नंदनी और मुझे हाथ-पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। आरोप है कि पुलिसकर्मी नशे में धुत था। शिकायत पर गोपालगंज थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 18 जोड़ों के विवाह संपन्न




**मालथौन, देशबन्धु।** अक्षय तृतीया पर कृषि मंडी प्रांगण में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासंघ द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। कृषक संगोष्ठी भवन मंडी प्रांगण में आयोजित इस सम्मेलन में 17 राजपूत समाज के जोड़े एवं 1 ब्राह्मण समाज के जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह जादौन ने बताया कि उनका संगठन लगातार तीन वर्षों से ऐसे आयोजन प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करता आ रहा है जिसके चलते सागर जिले में यह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 18 बेटियों के विवाह हुये। सम्मेलन में वर-वधू के लिये वस्त्र, आभूषण, गृहस्थी का सामान वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानजनक तरीके से विवाह का अवसर प्रदान करना था। सम्मेलन में कुं. श्याम सिंह गौड, गुलाब सिंह भदौरिया, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, राजपाल सिंह जोलाय, बलवीर सिंह राजावत, सुरजीत सिंह सोलंकी, सुरेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान सहितज संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर गाय के हमले में महिला घायल

**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर आवारा मवेशी ने हमला कर एक महिला यात्री को घायल कर दिया। महिला सावित्री बाई सागर जाने के लिये प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रही थी, तभी गाय ने पीछे से हमला कर दिया। उनके हाथ में खरोंच आई है। इसी घटना में शिक्षक रूप सिंह चढ़ार और उनके दो मित्र बाल-बाल बच गये। स्टेशन के सभी 6 प्लेटफॉर्म और रेल पटरियों पर 20 से अधिक मवेशी खाने की तलाश में घूमते रहते हैं। ट्रेनों की आवाजाही के समय ये मवेशी प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाते हैं। यात्रियों के खाने के सामान पर झपट्टा मारते हैं। यात्री शिकायत नहीं करते इसलिये स्टेशन प्रबंधन इस समस्या को अनदेखा करता है। गो सेवक राजेंद्र यादव के अनुसार हर महीने तीन से चार जानवरों के ट्रेन से टकराने की सूचना मिलती है। वे घायल जानवरों का इलाज कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाते हैं। भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने कहा कि आवारा मवेशियों को हटाने की कार्यवाही जारी है। उन्होंने यात्री के घायल होने की जानकारी मिलने पर जांच का आश्वासन दिया है।

## न्यायालय में श्रमिक दिवस मनाया गया



**सागर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर न्यायालय की ओल्ड बिल्डिंग सभागार में लेबर बार एसोसिएशन सागर के द्वारा श्रमिक दिवस मनाया गया। श्रमिक दिवस कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का सम्मान एड. विजय सरवटे एवं अरविंद सिंह राजपूत के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को श्रम न्यायाधीश विनायक गुप्ता, श्रम अधिकारी सागर सृष्टि तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, लेबर बार एसोसिएशन सागर के सचिव पेट्रिस फुसकेले, वरिष्ठ अधिवक्ता एसके ताम्रकार के द्वारा उद्बोधन देते हुये बताया कि आज का दिन पूरे विश्व में मेहनत कश वर्ग के द्वारा मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेहनत कश वर्ग को उचित मजदूरी एवं उनको मिलने वाले सेवा लाभ प्राप्त हो, आउटसोर्स प्रथा समाप्त हो तथा मेहनतकश वर्ग के अधिकारों का संरक्षण हो, ऐसी स्थितियां नियोक्ता एवं शासन को निर्मित करना चाहिये। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के सचिव वीरेंद्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष योगेंद्र स्वामी, एड. महेश नेमा, राजेश मिश्रा नोटरी, देवेंद्र सिंघई, राजू प्रजापति, डीएन तिवारी, शिवनारायण ठाकुर, नरेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं श्रम न्यायालय का स्टाफ, कामगार की उपस्थित रही।

## अक्षय तृतीया पर गन्ने के रस का किया वितरण



**सागर, देशबन्धु।** अक्षय तृतीया पर महिला जैन मिलन नेहा नगर क्षेत्र क्रमांक 10 की संयोगिता वीरांगना अनीता के द्वारा गन्ने के रस का वितरण किया गया और वीरांगनाओं द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण चंदेरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर मनीष शास्त्री, क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना अनीता, पूर्व अध्यक्ष रितु, अध्यक्ष वीरांगना मनीषा चंदेरिया, मंत्री रुचि सेठ, कोषाध्यक्ष स्मिता भाई जी, उपाध्यक्ष रितु दिवाकर, मंजू, नीता बड़कुल, स्मिता जैन आदि वीरांगनाये उपस्थिति रही।

## बीना में आयोजित सम्मेलन में विवाहित जोड़ों की शादी हुई: कांग्रेस

- कन्यादान योजना में फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप



**बीना, देशबन्धु।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बुधवार को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पहले से विवाहित जोड़ों ने दोबारा शादी की है। मंडी बामोरा के एक जोड़े का उदाहरण देते हुये ठाकुर ने बताया कि इस दंपती की शादी 18 अप्रैल को कुरवाई के एक मैरिज गार्डन में हो चुकी थी। फिर भी इसी जोड़े को 30 अप्रैल को विवाह सम्मेलन में शामिल किया गया। योजना के तहत मिलने वाली सरकारी सहायता राशि का लाभ लेने के लिये यह कदम उठाया गया। बुधवार को आयोजित सामूहिक विवाह में कुल 402 जोड़ों की शादी हुई, जिसमें 13 निकाह भी शामिल थे। अधिकारियों को एक पहले से विवाहित जोड़े की जानकारी मिलने पर उसे अलग कर दिया गया। लेकिन कई अन्य विवाहित जोड़े भी कार्यक्रम में शामिल हुये। उज्जैन की डाली यादव जिनकी शादी 15 दिन पहले ही बीना के एक युवक से हो चुकी थी, वह भी इस सम्मेलन में शामिल हुईं। इसी तरह भरछा का एक जोड़ा भी शादी के बाद सम्मेलन में शामिल हुआ। विवाह सम्मेलन में पंजीयन के लिये पंचायत स्तर पर सत्यापन की व्यवस्था है। इसमें सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम कोटवार के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। विवाहित जोड़ों के सम्मेलन में शामिल होने के लिये ये सभी अधिकारी जिम्मेदार माने जा रहे हैं। मामले में एसडीएम विजय डेहरिया का कहना है कि एक जोड़े की जानकारी मिली थी उसे हटा दिया गया था। यदि अन्य कोई भी ऐसा है तो दिखवाया जायेगा।

### शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने ईकेवाईसी करायें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने वाले सभी हितग्राहियों से आग्रह किया है कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ निरंतर लेने के लिये हितग्राही स्वयं या किसी भी एमपी ऑनलाइन सेंटर से अपने परिवार के सभी सदस्यों की समग्र पोर्टल में ई.केवाईसी अतिशीघ्र कराये। ई.केवाईसी के अभाव में शासन की योजनाओं से वंचित रह सकते हैं जिसके लिये हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## मई दिवस पर सभा हुई आयोजित




**सागर, देशबन्धु।** मई दिवस के अवसर पर एटक से संबंधित यूनियनों सफाई कामगार यूनियन जिला सागर, विवि कामगार यूनियन, पीडब्लूडी कर्मचारी यूनियन, एटक कार्यालय सागर में सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र चौरसिया ने की, वरिष्ठ ट्रेड यूनियन लीडर एटक राज्य उपाध्यक्ष अजीत कुमार जैन ने मई दिवस के इतिहास पर रोशनी डालते हुये कहा कि शोषण के खिलाफ समानता, भाईचारा एवं न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था ही समाजवादी व्यवस्था का रूप है जिसको मजदूर वर्ग को पूरा करना है, 39 श्रम कानून को हटाकर कर चार श्रम कोड लाये गये हैं यह मजदूर विरोधी हैं तथा श्रम कोड के नाम पर नियोजकों के जाटों की रक्षा करते हैं आता है अत: हमको वापस लेने की मांग की, इस मांग को लेकर 20 मई को राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल में भागीदार होने और सफल बनाने की अपील की, सभा को कामरेड चंद्र कुमार जैन, भोला प्रसाद करोसिया, कामरेड गोवर्धन पटेल, देवेंद्र सिंघई, हरजू अहिरवार राजेंद्र सनकत आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन दीपक ज्ञान ने किया। इस अवसर पर आरएस सक्सेना, रमेश बोयत, महादेव करोसिया, मोहित मैना, रोहित शुक्ला, जयदेव अहिरवार, राम गोपाल शर्मा, हरिओम अहिरवार, शुभम अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## 78 ज्ञापन और 5 सौ धरनों के बाद मिली सफलता : यादव




**अशोकनगर, देशबन्धु।** ओबीसी महासभा की जातिगत जनगणना की मांग को मंजूरी मिल गई है। अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र सिंह यादव ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में इस निर्णय का स्वागत किया। डॉ. यादव पिछले सात वर्षों से इस मांग के लिए संघर्षरत थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान 78 ज्ञापन सौंपे गए। साथ ही 500 से अधिक बार धरना-प्रदर्शन भी किया गया।

डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जब यह मुद्दा शिवराज सिंह के सामने उठाया गया था। तब उन्होंने कहा था कि यह उनके कांसेप्ट में नहीं है। साथ ही यह जातियों को बांटने का काम करेगा।

केंद्र सरकार के समर्थन के बाद शिवराज सिंह चौहान ने भी जातिगत जनगणना की तारीख मांगी है। डॉ. यादव ने कहा कि पहले उनकी सच्चाई पर आधारित मांग को नकारा गया। अब वही लोग इसका समर्थन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार यह जनगणना ओबीसी समाज के अधिकारों को सामने लाएगी। साथ ही उनकी वास्तविक स्थिति भी स्पष्ट होगी।

## आज इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली

**गुना, देशबन्धु।** शुक्रवार को मेंटीनेंस के चलते शहर के कई इलाकों में 5 घंटों तक बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) विद्युत वितरण कंपनी लिमिटे के मुताबिक 33/11 केव्ही एआईआर सब स्टेशन पर मेंटनेंस कार्य होने से 02 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे चिंताहरण, आकाशवाणी केन्द्र, ट्रांसपोर्ट नगर, हिलगना, गादेर, बमोरी बुजर्ग, हीरापुरा, सोठी, मऊगंढा, सोजना, गादेर, बमोरी बुर्जग, नयागांव एवं सोठी आदि विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समय को आवश्यकता अनुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

## वेतन रोकने के विरोध में अवकाश पर रहे बीएसी, सीएसी



**गुना, देशबन्धु।** एज्यूकेशन पोर्टल पर छात्रों की प्रविष्टि का काम संतोषजनक नहीं होने पर गुना जनपद शिक्षा केंद्र के बीएसी और सीएसी का वेतन रोक दिया गया है। इसके विरोध में गुरुवार को जनपद शिक्षा केंद्र गुना के सभी बीएसी और सीएसी सामूहिक अवकाश पर रहे। इससे पहले बीएसी और सीएसी ने स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र को पत्र लिखकर सूचना दी थी। जिसमें बताया गया था कि जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 29 अप्रैल को जारी आदेश में बताया गया था कि एज्यूकेशन पोर्टल 3.0 पर शालाओं द्वारा छात्रों की प्रविष्टि एवं कक्षोन्नति के कार्य में प्रगति नहीं होने की वजह से उनका अप्रैल महीने का वेतन रोका गया है। जबकि इस काम करने का संपूर्ण दायित्व संबंधित स्कूल के प्रधान अध्यापक और प्रभारी का है। उक्त कार्य को नहीं करने वाली शालाओं की सूची ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है। संबंधित शालाओं के प्रधान अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई न करते हुए बीएसी, सीएसी का वेतन रोका जाना न्याय संगत नहीं है। समय पर वेतन न मिलने के कारण कई जन शिक्षकों की लोन की किश्त समय पर जमा नहीं हो रही है, जिससे उन्हें पेनल्टी भुगतना पड़ रही है। इससे व्यथित होकर बीएसी और सीएसी ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया था।

## सार समाचार

### शादी से लौटते समय हादसे में दो युवक घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास देर रात एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, 34 वर्षीय वीर सिंह अहिरवार अपने 38 वर्षी साथी अमर अहिरवार के साथ नारायणपुरा, एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन की अपर लाइट की चकाचौंध के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पास के एक मकान में जा घुसी। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

### नशे में युवक ने पटाखा उठाया, विस्फोट में घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सरवई गांव में एक शादी समारोह के दौरान शराब के नशे में युवक की लापरवाही उस पर भारी पड़ गई। नशे की हालत में पटाखा फोड़ने के दौरान हुए विस्फोट से युवक के हाथ की उंगलियां उड़ गईं है। जानकारी के अनुसार, हमीरपुर थाना क्षेत्र के मुस्कुरा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह राजपूत शादी समारोह में शामिल होने सरवाई आया था। रात करीब 11 बजे उसने शराब का सेवन किया और इसके बाद हाथ में पटाखा लेकर ब्लास्ट कर दिया। विस्फोट इतना जोरदार था कि उसके एक हाथ की उंगलियां उड़ गईं। विजय ने स्वीकार किया कि नशे में उससे यह लापरवाही हुई। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसने अन्य लोगों को ऐसी गलती से बचने की सलाह भी दी है।

### 11 अज्ञात सहित 19 फरार आरोपियों पर 70 हजार का इनाम घोषित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले के अंतर्गत 11 अज्ञात सहित 19 फरार आरोपियों पर 70 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। फरार आरोपियों में आनंद कोरी 25 वर्ष अमानगंज पर थाना सिविल लाईन में 5 हजार रुपए, रविशंकर कुशवाहा खजुराहो पर थाना बमीठा में 5 हजार रुपए, रामप्रताप शुक्ला निवासी ग्राम खड़ेहा पर थाना सरवई में 3 हजार रुपए, रवि रैकवार ग्राम बसारी पर थाना सटई में 3 हजार रुपए, जितेंद्र यादव, सुखधीन यादव, छोटू उर्फ धर्मेंद्र यादव सभी निवासी ग्राम बेलगांय बिजावर एवं बाबू राजा ग्राम जगारा बाजना पर थाना बिजावर में 2 हजार रुपए का इनाम रखा गया है। थाना बमीठा में पंजीबद्ध अपराध में 3 अज्ञात आरोपियों पर 3-3 हजार रुपए एवं 3 अन्य अज्ञात आरोपियो पर 5-5 हजार, थाना हरपालपुर में 1 अज्ञात आरोपी पर 3 हजार, थाना ईशानगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 5 हजार, थाना खजुराहो में 2 अज्ञात आरोपियो पर 5-5 हजार एवं थाना लवकुशनगर में 1 अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

### प्रधान न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण करके दिए निर्देश




**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने गुरुवार को जिला जेल छतरपुर का निरीक्षण किया है।

इस दौरान सीजेएम स्वाति जायसवाल सहित अन्य न्यायाधीश, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन उपस्थित रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने कैदी वार्ड का निरीक्षण करके उनका परिचय प्राप्त कर सामग्री और खाद्यान्य की जांच की। महिला बंदी वार्ड में निरीक्षण करते हुए जेलर को निर्देश दिए कि महिला कैदियों से सिलाई का कार्य कराए। जेल अस्पताल में मेडिकल रजिस्टर की जांच की गई। इस दौरान 21 अप्रैल 2025 से डॉ. अमित खरे के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## वृद्ध पिटाई कांड : डॉक्टर और एक तरफा कार्यवाही के विरोध में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की हड़ताल

# बंद रही जिला अस्पताल की ओपीडी, इलाज के लिए मरीज रहे परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में कुछ दिन पहले एक डॉक्टर द्वारा एक वृद्ध की पिटाई कांड गुरुवार को फिर गरमा गया है। दरअसल पीटे गए वृद्ध पर मामला दर्ज करने की मांग को लेकर गुरुवार को सुबह एक बार फिर डॉक्टरों ने अस्पताल में हड़ताल कर दी।





अचानक हुई हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं ठप रहीं और मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। डॉक्टरों ने यह हड़ताल डॉ. राजेश मिश्रा पर प्रशासन द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में की गई थी। उल्लेखनीय है डॉ. मिश्रा और एक अन्य कर्मचारी द्वारा अस्पताल में इलाज के लिए आये एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद उन पर कार्रवाई की गई थी, जिससे अन्य डॉक्टरों में आक्रोश है। चिकित्सकों की हड़ताल से ओपीडी बंद रही। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों को तैनात किया गया, लेकिन सामान्य मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं और कई लोगों को तो बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। मरीज के परिजन ने बताया ओपीडी बंद होने के कारण उन्हें परेशानी हुई है। सुबह से डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें बताया गया कि हड़ताल के कारण कोई डॉक्टर मरीज नहीं देखेंगे।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि प्रशासन ने डॉ. मिश्रा के मामले में एकतरफा कार्रवाई की है जो कि उचित नहीं है। बहरहाल चिकित्सकों की इस हड़ताल के कारण जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं और मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ा।

### ईशानगर अस्पताल में भी हुई हड़ताल

जिला अस्पताल के अलावा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईशानगर में भी डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। इस कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। हड़ताल से नाराज कई मरीजों ने डॉक्टरों के प्रति आक्रोश जताया। बीएमओ डॉ. जीके साहू ने बताया, हमारे साथी डॉक्टर के साथ हुई घटना और उस पर एकतरफा कार्रवाई के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है। केवल इमरजेंसी मामलों में ही मरीजों को देखा जा रहा है, अन्य किसी भी मरीज का इलाज नहीं हो रहा। वहीं मरीजों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों के कमरे खुले हैं और डॉक्टर भी मौजूद हैं, लेकिन इलाज से इनकार किया जा रहा है।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बंद रहा नौगांव, किया पुतला दहन

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को नौगांव नगर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, युवा समाजसेवियों और सभी राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पूरा नगर बंद रहा। बाद में पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया।



नौगांव नगर में सुबह से बाजार, दुकानें बंद रहीं, यातायात ठप रहा। सुबह 9 बजे सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने मंडी बंद रखकर पाकिस्तान का पुतला जलाया। अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर कम बसें आईं। मुख्य बाजार में केवल आवश्यक सेवाएं जैसे मेडिकल स्टोर और अस्पताल खुले रहे, जबकि सब्जी, दूध, किराना, कपड़ा, शराब, लोहा, सीमेंट दुकानें और हाथ ठेले पूरी तरह बंद रहे। पिछले दो दिनों से युवा समाजसेवी और ब्राह्मण संगठन बंद की अपील कर रहे थे, जिसका व्यापक असर गुरुवार को दिखा। दोपहर 12 बजे रामायण कंपनी चौराहे पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के झंडे को जमीन पर बनाकर पैरों से कुचला। इसके बाद पाकिस्तान की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई, जो मुख्य बाजार, मजदूर चौराहा, मुसाफिर खाना और कोठी चौराहे से होती हुई अंत में दहन की गई। प्रदर्शन में भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, राहुल साहू, सन्नो सक्सेना, सूरज देव मिश्रा, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गगन यादव और नगर अध्यक्ष कुलदीप यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में पहलगाम हमले की निंदा की और प्रधानमंत्री से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की।

### नीट (यूजी) परीक्षा 4 को, कंट्रोल रूम बनाया

**छतरपुर, देशबन्धु।** 4 मई को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर छतरपुर द्वारा डीईओ कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति मो. 7415648384 बनाए गए हैं। मनोज उपाध्याय सहायक ग्रेड 3 मो. 9407060227 को प्राप्त शिकायतों के संबंध में विभागीय समन्वय एवं राघवेंद्र सिंह सहायक ग्रेड 3 मो. 9993935669 को प्राप्त शिकायतों की नस्ती संधारित करने का कार्य सौंपा गया गया है। प्रभारी अधिकारी को कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचना तुरन्त नोडल अधिकारी (परीक्षा) एवं संबंधित विभाग से साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पानी के टैंक में डूबकर योग शिक्षक की संदिग्ध मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** हरपालपुर थाना क्षेत्र में बीते रोज एक योग शिक्षक की पानी के टैंक में डूबने से संदिग्ध हालातों में मौत हो गई है।



बताया गया है हरपालपुर निवासी राम सिंह कराठा वाले के निजी फार्म हाउस पर मछली पालन के लिए बड़े टैंक का निर्माण किया गया है। बुधवार की देर शाम राम सिंह का बेटा जीतेंद्र सिंह अपने दोस्त अभिषेक सिंह राय (33) पिता रामकृपाल राय, के साथ टैंक में नहा रहा था। अभिषेक इंदौर में योग शिक्षक के रूप में कार्यरत था और गर्मी की छुट्टियों में हरपालपुर आया था। नहाने के दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

पानी में काफी खोजबीन के बाद अभिषेक का शव मिला। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। परिजन ने मौत की संदिग्ध बताकर जांच की मांग की है।

## उपभोक्ताओं को बताया : मध्यांचल ग्रामीण बना मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक



**महाराजपुर, देशबन्धु।** मध्यांचल ग्रामीण बैंक का नाम अब मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक हो गया है। ये जानकारी देते हुए बैंक के महाराजपुर शाखा प्रबंधक जीतेन्द्र दुबे ने बैंक उपभोक्ताओं को बैंक से संबंधित कई जानकारियां दी हैं।

शाखा प्रबंधक श्री दुबे ने बतायां कि केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक को समायोजित करके उसे मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक का नया नाम दिया है। मध्यांचल ग्रामीण बैंक द्वारा अपने क्रियाकलाप; कर्मचारी व ग्राहक संबंधी सभी जानकारियां, सम्पत्तियां मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के नाम पर स्थानांतरित की गई हैं। दोनो बैंको के ग्राहकों की सेवाओं सतत रुप से जारी रहेंगीं। इस दौरान वीरेन्द्र चौरसिया, दयाराम उपाध्याय, संतु चौरसिया, नाथूराम कुशवाहा और बाबूलाल कुशवाहा सहित बैंक के अन्य हितग्राही और स्टाफ के लोग मौजूद थे।

### रास्ता के विवाद में 4 बकरियों की ली जान

**महाराजपुर, देशबन्धु।** ग्राम झिकमऊ निवासी घस्सन रजक पत्नी गुंदी रजक ने गांव के पूरन कुशवाहा पर रास्ते से निकलने के विवाद में उसकी बकरियों को मार डालने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पूरन कुशवाहा और ग्यासी कुशवाहा ने उसकी और जेठानी लाड़कुवंर रजक की बकरियों को खेत पर कुछ खिलाकर मार डाला है।

इसकी शिकायत पर पुलिस मौन है। घस्सन रजक ने बताया 28 अप्रैल को पूरन कुशवाहा की पत्नी दसिया ने धमकी दी थी कि यदि बकरियां हमारे खेत में आकर नुकसान करेंगीं तो जहर खिलाकर मार दूंगीं। इसके बाद 30 अप्रैल को मेरी 2 बकरी, एक बकरा और मेरी जेठानी की एक बकरी पूरन व ग्यासी कुशवाहा के खेत में मृत मिली हैं। पशु चिकित्सक ने बकरियों का पोस्टमार्टम किया गया है।

## पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी से किया था निकाह, अब मिल रही प्रताड़ना

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के एक मुस्लिम युवक द्वारा अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। युवती का कहना है उसने अपने पहले पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी से निकाह किया था, जो अब उसे प्रताड़ित कर रहा है।



युवती के अनुसार युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाने के बाद उसका तलाक कराया, इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से शादी की और बाद में निकाह किया। गुरुवार को पीड़ित युवती करीब 14 किलोमीटर पैदल चलकर जिला मुख्यालय पर पहुंची, जहां कोतवाली थाना में उसने शिकायत दर्ज कराई है। जबलपुर निवासी 28 वर्षीय पीड़िता ने बताया उसकी पहली शादी 2015 में दमोह के कुलुआ गांव में हुई थी। पति बीड़ी कंपनी में ठेकेदार था, वह स्वयं जबलपुर में प्रॉपर्टी डीलर के यहां नौकरी करती थी। उनके दो बच्चे, 7 साल का बेटा और 5 साल की बेटी है। 13 दिसंबर 2023 को मातगुवां में छोटे भाई की शादी के दौरान उसकी मुलाकात खुद को समीर तिवारी बताने वाले युवक से हुई। समीर के साथ बातचीत आगे जाकर प्रेम प्रसंग में बदल गई। कुछ समय बाद समीर ने बताया कि वह समीर तिवारी नहीं, बल्कि समीर खान है लेकिन पीड़िता के मुताबिक तब तक वह समीर के प्रेमजाल में फंस चुकी थी। समीर ने ही उसे पहले पति से तलाक दिलवाया और अगस्त 2023 में जटाशंकर धाम ले जाकर हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। पीड़िता के अनुसार शुरुआत में समीर ने उसके धर्म का सम्मान करने और मांस खाना छोड़ने का वादा किया था, जिसके चलते उसने 13 दिसंबर 2024 को समीर के साथ निकाह भी कर लिया। निकाह के कुछ समय ही दिनों बाद समीर ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया जब उसने प्रताड़ना का विरोध किया तो समीर ने उसे काटकर नदी में फेंकने की धमकी दी, उसकी कमाई के 3 लाख रुपये और जेवर भी छीन लिए। 26 अप्रैल को उसे मातगुवां स्थित घर के एक कमरे में बंद कर दिया गया। गुरुवार की सुबह वह किसी तरह कमरे से निकली और नंगे पैर 14 किमी पैदल चलकर छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पहुंची। वहां रोते हुए बैठी थी, तभी स्थानीय लोगों ने डायल 100 को सूचना दी। डायल 100 ने उसे सिटी कोतवाली पहुंचाया, जहां उसने पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### इनका कहना

पीड़िता ने समीर खान पर मारपीट, प्रताड़ना, धमकी और आर्थिक शोषण के आरोप लगाए हैं। उसने बताया है कि समीर दूसरी शादी की धमकी भी देता था। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अरविंद दांगी,** टीआई, सिटी कोतवाली, छतरपुर

## अपराध समीक्षा बैठकः एसपी ने दिए सख्ती से क्राइम कंट्रोल करने के निर्देश

# आदतन अपराधियों की जमानत निरस्ती, जेल रिहाई व निगरानी बदमाशों पर नजर रखेंः एसपी




### बीट क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करें

एसपी अगम जैन ने जिले के सभी कार्यालय, पुलिस थानों में पुलिस कर्मचारियों की अधिकृत ईमेल आईडी एवं प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा थाना व चौकी में जब्ती, बिसरा, अवैध मादक पदार्थ विधिवत नष्ट कराया जाए। शस्त्रागार, रिकॉर्ड रुम और मालखाना व्यवस्थित रखें, सही तरीके से रजिस्टर संधारित करें। उन्होंने थाना क्षेत्र में बीट एवं माइक्रोबीट पुस्तिका की समीक्षा करते हुए कहा सभी पुलिस अधिकारी अपने अपने बीट क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करें। वहां से एकत्र जानकारी बीट पुस्तिका में अंकित करके वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दें। थाना व चौकी प्रभारी क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, सभी होटल, ढाबा, बस स्टैंड, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग करें। बेवजह घूमने वाले अपराधिक प्रवृत्ति वालों, अराजक तत्वों व संदिग्धों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

*छतरपुर, देशबन्धु। गुरुवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में मासिक अपराध समीक्षा बैठक एवं कानून व्यवस्था प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी अगम जैन ने बीट.माइक्रो बीट पुस्तिका की समीक्षा करके सख्ती से क्राइम कंट्रोल करने के निर्देश दिए।*

*एसपी श्री जैन ने कहा पुलिस आदतन अपराधियों की जमानत निरस्ती, जेल रिहाई व निगरानी बदमाशों पर नजर रखे। चक्षु अभियान के तहत क्षेत्र में जन सहयोग से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।*

*इस दौरान जिले के सभी थानों में दर्ज अपराध, मर्ग, शिकायत समाधान, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सहित अन्य कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। एसपी श्री जैन ने सभी एसडीओपी, टीआई, एसआई, एएसआई को थाने में लंबित शिकायतों, लंबित गंभीर व महिला संबंधी अपराधों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिले के सभी थाना क्षेत्र में यदि कोई अपराधी जमानत पर छूटकर आता है तो अपराधी सहित उसके जमानतदार को नियमों की जानकारी देकर चेतावनी दें कि वह अपराध से दूर रहे। इसके बावजूद न माने तो आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही करें। उन्होंने विशेष मुस्कान अभियान के तहत अधिक से अधिक गुम बालक बालिकाओं का पता लगाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले के सभी पुलिस अनुभागों के एसडीओपी, सभी थाना व चौकी प्रभारी और संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।*

## चित्रगुप्त प्रगटोत्सव आज से, घर-घर संपर्क कर दिया आमंत्रण

**छतरपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार से तीन दिवसीय चित्रगुप्त प्रगटोत्सव के आयोजन शुरु हो जाएंगे। इसके लिए घर-घर संपर्क करके आयोजन में शामिल होने के लिए चित्रांशों को आमंत्रण दिया जा रहा है।



सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी व समाजसेवी अरविंद खरे ने कई घरों में चित्रांशों से संपर्क करके उन्हें आयोजन में आमंत्रित किया है। उन्होंने बजरंग नगर में रहने वाले जेपी श्रीवास्तव और राधामोहन श्रीवास्तव के यहां जाकर कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र देकर पूरी जानकारी दी है। उन्होंने बताया श्री चित्रगुप्त मंदिर ट्रष्ट एवं कायस्थ हितकारणी सभा के तत्वाधान में आयोजन की शुरुआत 2 मई को भगवान चित्रगुप्त की स्थापना व पूजन के साथ होगी। इसी दिन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगीं। तीन मई की शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, समाज की विभूतियों सहित 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया जाएगा। इसी दिन वृंदावन धाम से आए कलाकार बेहतरीन प्रस्तुति देंगे।

### 2 सड़क हादसों में तीन लोग घायल, इलाज जारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पहली घटना बछौन तिगेला के पास अन्नू की टपरिया पर हुई। छठी बम्होरी निवासी अरुण सिंह मोटरसाइकिल से चंदला जा रहा था।

Golden Opportunity!
बालाघाट में 24 एकड़ मैंगनीज खदान
छतरपुर जिले में 62 एकड़ रेड ग्रेनाइट खदान
PREMIUM MINES
AVAILABLE FOR SALE/INVESTMENT
- दोनों खदानें पूर्णतः विकसित एवं चालू स्थिति में
- उच्च गुणवत्ता के भंडार
- आकर्षक रिटर्न की संभावना
पुनः संचालन के लिए वित्तीय भागीदारी या पूर्ण बिक्री का सुनहरा अवसर
सम्पर्क करें- अजय सिंह 9873081306

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 2 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जातिगत जनगणना: आगे की राह?

केन्द्र सरकार ने आखिरकार जातिगत जनगणना कराना स्वीकार कर लिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐलान किया कि जनगणना के जरिये सरकार लोगों की जातिवार संख्या भी जुटायेगी। हालांकि इसकी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने यह नहीं बताया कि यह काम कब शुरू होगा। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग पिछले लगभग दो वर्षों से जोर-शोर से उठाई हुई थी जिसमें उसके नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन ने भी अपना स्वर मिलाया है। इस मांग के कारण लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस को भारतीय राजनीति में बड़े पैमाने पर लौटने का मौका मिला था। संविधान की रक्षा का जो नारा कांग्रेस समेत उसके सहयोगी प्रतिपक्षी दलों ने दिया था, उसने 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के संख्या बल को 2019 के मुकाबले काफी घटाया था। 2024 के प्रारम्भ में हुई राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की थीम भी जातिगत जनगणना की मांग को तर्कसंगत व ज़रूरी बताती थी।

इस मांग को राहुल ने सड़कों पर बड़े पैमाने पर उठाया था। उन्होंने बार-बार यह बात कही थी कि देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, आदिवासियों आदि की संख्या सर्वाधिक है परन्तु संसाधनों एवं अवसरों में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह एक तरह से कांशीराम की उठाई वह मांग है जिसमें वे कहते थे कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी।' कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते राहुल को इस मांग को उठाते हुए कोई उज़्र नहीं था कि यह बहुजन नेता की बात की ही प्रतिध्वनि है जिसकी वारिस मायावती इस मामले पर चुप्पी साधे हुई हैं। वे लोगों को अपने भाषणों में बतलाते रहे हैं कि केन्द्रीय सचिवालय में केवल 5 ही सचिव स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जो ओबीसी हैं। राहुल यह भी बतलाते रहे कि बजट के पांच प्रतिशत पर ही इनका नियंत्रण है। इसलिये ओबीसी, दलितों आदि के साथ न्याय नहीं होता।

उनके द्वारा संसद में भी यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया गया जिसे इंडिया के सहयोगियों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का जबर्दस्त साथ मिला। राहुल ने वर्तमान लोकसभा के प्रारम्भिक सत्रों में चेताया था कि विपक्ष सरकार से जाति आधारित जनगणना करा कर रहेगा। राहुल का कहना था कि 'भाजपा सरकार इस मांग को पूरा नहीं करेगी तो इंडिया सरकार करेगी।' भाजपा की पूरी राजनीति ही इसके विपरीत है- सवर्णों को बल देने वाली। इसे लेकर राहुल का न केवल मज़ाक उड़ाया गया वरन उन्हें अपमानित भी किया गया था। पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन पर तंज कसा था कि, 'जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।' भाजपा तथा उसके सहयोगी एनडीए के सांसदों ने इसका भरपूर लुत्फ़ उठाया था; परन्तु अब सरकार के इस एकतरफ़ा निर्णय से वे हैरान हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि जनता को इस बात का क्या जवाब दें कि आखिर उनकी पार्टी की सरकार ने यह फैसला क्योंकर लिया जो अब तक इसकी विरोधी थी। फैसले की हां में हां मिलाने के अलावा जिन पार्टी सदस्यों, समर्थकों, नेताओं, विधायकों व सांसदों के पास और कोई चारा नहीं है वे यह कहकर इसे 'मोदी का मास्टरस्ट्रोक' साबित करने पर तुले हैं कि 'इस फैसले ने राहुल, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के हाथ से बड़ा मुद्दा छीन लिया है।'

इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कुछ सवाल सामने आ रहे हैं। पहला यह कि नीतिगत विरोध के बावजूद भाजपा की क्या मजबूरी रही कि उसे यह फैसला लेना पड़ा? कुछ का कहना है कि पहलगाम के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिये भाजपा ने यह कदम उठाया है ताकि कश्मीर के मुद्दे पर उसकी विफलता ढंक जाये। यह भी कहा जाता है कि सरकार दुनिया को संदेश देना चाहती है कि आतंकी हमले के बावजूद सरकार देश के अंदरूनी मसलों पर ध्यान बनाये हुए है। यानी देश का एक निर्भीक व अविचलित चेहरा वह दुनिया को दिखाना चाहती है। इस बड़े फैसले से दुनिया महसूस करे कि पहलगाम की घटना के बावजूद न घबराहट है, न बदहवासी- चाहे युद्ध की आशंका बन चुकी हो। यह भी माना जाता है कि बिहार में भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ायेगी। वह केवल कांग्रेस तथा उसके साथी राजद व सीपीएम (माले) से ही नहीं, अपने सहयोगी नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) से भी यह मुद्दा छीनना चाहती है। उस राज्य में खुद के बूते सरकार बनाने पर भाजपा आमादा है जहां इसी साल सितम्बर के बाद चुनाव होंगे।

दूसरा सवाल यह है कि इस मुद्दे को लेकर विपक्ष, विशेषत: कांग्रेस की आगे की राह क्या हो? कांग्रेस को इस बात से खुश होकर नहीं रह जाना चाहिये कि सरकार को यह निर्णय लेने हेतु मजबूर करने से उसकी नैतिक जीत हुई है। उससे बात नहीं बनेगी। इसके बल पर उसे चुनाव भी जीतने होंगे। बिहार का चुनाव उसकी पहली परीक्षा होगी जहां से इस मांग की शुरुआत हुई थी। इस मुद्दे पर यहां कांग्रेस-राजद की जीत देश के लिये परिवर्तनकारी होगी। राहुल ने आरक्षण की 50 फीसदी की दीवार को तोड़ने का भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पास इसका मॉडल पहले से है क्योंकि तेलंगाना व कर्नाटक में उसकी सरकारों ने जनगणना कराई है तथा बिहार में जेडीयू व कांग्रेस सरकार के समय यह काम हुआ था। राहुल को देश भर में यह संदेश देना होगा कि जातिगत जनगणना के फैसले पर कांग्रेस-इंडिया का पहला हक बनता है।

# इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा

अब तक कमंडल से अपनी राजनीति को चमकाने वालों को अचानक मंडल की याद आ गई है, वह भी तब जब देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार से बड़े एक्शन की उम्मीद कर रहा था। मुख्य धारा की मीडिया ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऐसा माहौल तैयार कर दिया था कि लगने लगा था कि सरकार घर में घुसकर मारने की नीति टाइप किसी कदम का खुलासा करने जा रही है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना के साथ जाति की गिनती कराने का फ़ैसला कर लिया। आज़ादी के बाद पहली बार देश के नागरिकों से उनकी जाति पूछी जाएगी। अब तक अनुसूचित जाति और जनजाति को अवश्य गिना जाता था लेकिन अब शायद अन्य पिछड़ा वर्ग का बढ़ता संख्या बल सरकार को इस निर्णय के लिए मजबूर कर रहा है। विपक्ष 'जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी भागीदारी' का नारा पहले ही बुलंद किये हुए था। ऐसे ही मकसद में सरकार की दिलचस्पी भी होगी तो फिर इस मासूमियत पर कौन न फ़िदा हो जाए। इसमें कोई शक नहीं कि इस मसले पर देश जिस नेता को लगातार बोलते हुए देख-सुन रहा था वे तो राहुल गांधी थे। इस हद तक कि लगभग ऊब होने लगी थी लेकिन राहुल गांधी थकते नहीं थे। वे जनसभाओं से लेकर संसद तक बस इसी जातीय जनगणना की बात करते थे। एक बार तो उन्हें अपमानित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कह दिया था कि 'जिसकी जात का पता नहीं वो गणना की बात करता है।' आम भारतीय बोल-चाल में यह किसी गाली से कम नहीं था लेकिन राहुल गांधी ने इस गाली का जवाब भी संसद में यह कहकर दिया था कि 'जो भी दलितों की, पिछड़ों की बात करता है उसे गालियां खानी ही पड़ती हैं। अर्जुन को मच्छी की आंख दिख रही थी, ठीक वैसे ही मुझे भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना हम करा के रहेंगे।'

ज़ाहिर है कि लगातार बोलते रहना ही सियासत में फलदायी ज़मीन तैयार करता है। अब घोषणा के तुरंत बाद भी राहुल गांधी रुके नहीं हैं। उन्होंने कह दिया है कि हम तय करेंगे कि सरकार 50 फ़ीसदी की सीलिंग भी बदले और आगे की नीतियां हम डिज़ाइन करेंगे क्योंकि हमारे पास तेलंगाना और कर्नाटक का डाटा है। वह निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मुद्रा में दिखाई दिए। फिलहाल ऐसा लगता है जैसे पहलगाम के बाद विपक्ष जिस तरह सरकार के साथ खड़ा था, जाति जनगणना के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के साथ आकर खड़ी हो गई है। अब गणना इस बात की होनी चाहिए कि किसके 'मास्टर स्ट्रोक' में ज़्यादा दम है। खैर मज़ाक से अलग जब पहलगाम हमले के जवाब के इंतज़ार में बैठे मीडिया से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बात साझा की तो वाकई यह सबके लिए चौंकने का समय था। शुरुआत में अश्विनी वैष्णव ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के शिलांग से सिलचर तक हाई-स्पीड कॉरिडोर हाईवे परियोजना तथा किसानों के लिए गन्ने के उचित मूल्य की जानकारी दी और आखिर में जब प्रेस ब्रीफिंग खत्म होने वाली थी तभी उन्होंने चुपचाप पॉकेट से एक पर्चा निकालकर जाति जनगणना वाली बात पढ़ दी और आदतन जनगणना न हो पाने की वजह भी कांग्रेस के माथे मढ़ दी। यह सच है कि अंग्रेज जातियों की जनगणना कराता था लेकिन आज़ाद भारत के नेताओं ने इसे नहीं करवाना चाहा था ताकि देश मोटे तौर पर उपजातियों में न बंटे।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?**

इस सरकार ने कोविड महामारी के दौरान टाली गई सामान्य जनगणना को भी अब तक नहीं किया है। अंतिम बार यह 2011 में हुई थी और 2021 में होनी थी। 2025 के बजट में भी जनगणना का धन शामिल नहीं है इसलिए इसमें और देरी हो सकती है। शायद अगले आम चुनाव से पहले देश को ये आंकड़े मिलें। फिलहाल तो देश की सारी नीतियां और योजनाएं पुराने आंकड़ों पर चल रही हैं या यूं कहें कि इस सियासत को इन आंकड़ों की ज़रूरत ही नहीं है। धर्म की राजनीति बराबर प्रभावी और नतीजे देने वाली रही है। दो साल पहले सरकार की दिलचस्पी नवजात बच्चे और उसके माता-पिता का धर्म जानने में हो गई थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने जन्म-पत्र के फॉर्म नंबर एक में धर्म के सवाल को जोड़ दिया गया था। अब शायद जातियों में भी रूचि हो गई है।

अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?

देश ने बीते कुछ सालों में देखा है कि वह पूरे समय बस चुनाव की नाव में तैरता रहता है। इस नाव में बैठकर ही सबको वैतरणी पार करनी है। हर फैसला सिर्फ चुनाव है। हर घटना, हर उत्सव बस एक चुनाव है। चुनाव के बाद सरकारें भी चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का 240 सीटों पर सिमटना और उत्तरप्रदेश में उसके गणित का बिगड़ना भी एक वजह है। ऐसे में जातियों को गिनकर सही उम्मीदवार उतारकर? दृश्य को बदला जा सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की राजनीति को हिंदुत्व के साथ सामाजिक न्याय के पहलू को जोड़ने की ज़रूरत नहीं है। आक्रामक हिंदुत्व से केवल 18 से 20 फीसदी मतदाताओं का समर्थन मिलता है। दलित जातियां इससे छिटक जाती हैं। भगवा और नीले झंडों में प्रतिस्पर्धा का नज़ारा दिखाई दे रहा है। समाजवादी पृष्ठभूमि का ओबीसी समाज भी इससे चौंक जाता है। ज़ाहिर है कि पार्टी इस संतुलन को साधने की कोशिश में है। बिहार में पिछली सरकार जो यूपीए की रही वह जाति जनगणना करा चुकी थी। तेलंगाना में भी यह गणना हो चुकी है और कर्नाटक में भी। राहुल गांधी भी संसद में ख़म ठोक चुके हैं कि अर्जुन के जैसे ही उन्हें भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना करा के रहेंगे। वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरुदक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर भी कह चुके हैं कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे। अब इस महत्वपूर्ण घोषणा के बाद भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं की बड़ी दुविधा हो गई है कि आखिर जातीय जनगणना के ख़िलाफ़ दिए गए बयानों से किस तरह मुंह फेरें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था- 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात', महाराष्ट्र चुनाव से पहले 'एक हैं तो सेफ हैं'- का नारा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुलंद किया था। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इस गणना के बाद योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' में क्या संशोधन करते हैं।

बिहार में इस साल नवंबर में चुनाव होने हैं। पहलगाम हमले के बाद मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर देश लौटे और फिर बिहार गए थे। इससे पहले एक बड़ी बैठक में उन्होंने दुश्मन देश पाकिस्तान को कड़ी चुनौती दी। फैसला सेना के हाथ छोड़ा और खुली छूट की बात भी कही। साल 2019 में आतंकवादियों ने पुलवामा की घटना को अंजाम दिया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हो गए थे। अभी तक जवाब नहीं मिला कि विस्फोटक किसकी चूक से भीतर आया था। चूक पहलगाम में भी हुई है कि जहां इतने सैलानी थे वहां सुरक्षा बल क्यों नहीं था? तब भी बिहार की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा था- 'इस देश में जितना आक्रोश है, लोगों का खून ख़ौल रहा है। इस समय जो देश की अपेक्षाएं हैं, कुछ कर गुजरने की भावना है। वो भी स्वाभाविक है। हमारे सुरक्षा बलों को पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई है। मैं आतंकी संगठनों और उनके सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि वे बहुत बड़ी ग़लती कर चुके हैं। बहुत बड़ी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी।' एक बार फिर बड़ी कीमत देश के नागरिकों ने ही चुकाई है। सवाल उठता है कि सेना को दी गई छूट की अवधि क्या थी? छूट थी तो फिर यह चूक किसकी है? बहरहाल जाति जनगणना के फैसले के बीच ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'ठाकुर का कुआं' याद आती है कि अब सब अपना होगा-

चूल्हा मिट्टी का  
मिट्टी तालाब की  
तालाब ठाकुर का।

भूख रोटी की  
रोटी बाजरे की  
बाजरा खेत का  
खेत ठाकुर का।  
बैल ठाकुर का  
हल ठाकुर का  
हल की मूठ पर हथेली अपनी।

फ़सल ठाकुर की।  
कुआं ठाकुर का  
पानी ठाकुर का  
खेत-खलिहान ठाकुर के  
गली-मुहल्ले ठाकुर के  
फिर अपना क्या?

गांव?  
शहर?  
देश?

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका

■ **पी. श्रीकुमारन**

केरल में भाजपा के बहुचर्चित ईसाई-पहुंच कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा किये गये आत्मघाती गोल के कारण गहरा झटका लगा है, यद्यपि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किये जाने के बाद, भाजपा को केरल में ईसाई समुदाय में सेंध लगाने में थोड़ी सफलता मिली थी।

वास्तव में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में ईसाई समुदाय के एक वर्ग द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा और केंद्रीय मंत्री किरेनरिजिजू ने मुनंबम में 600 से अधिक ईसाई परिवारों के बीच उम्मीद जगायी थी, जो केरल वक्फ बोर्ड (केडब्ल्यूबी) के साथ कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। बोर्ड ने इस आधार पर उनकी संपत्ति पर दावा किया है कि यह संपत्ति उसकी है। केंद्रीय मंत्री ने ईसाई परिवारों का पक्ष लेने के लिए मुनंबम का दौरा भी किया।

भाजपा ने शुरू में यह दावा करके उनकी उम्मीदें जगायी थीं कि विधेयक के कानून बन जाने पर इसका पूर्वव्यापी प्रभाव पड़ेगा और इससे उन्हें लाभ होगा। वास्तव में, भाजपा केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) को इसी आधार पर वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल रही थी। लेकिन मुनंबम के ईसाइयों को, हालांकि थोड़ी देर से ही सही, यह एहसास हो गया है कि कानून से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। रिजिजू ने खुद स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि कानून से मुनंबम के निवासियों को केडब्ल्यूबी के साथ उनकी कानूनी लड़ाई में मदद मिलेगी।

**ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।**

ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।

संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के तुरंत बाद, लेखों के प्रकाशन का समय महत्वपूर्ण है, जिसे उनके द्वारा किये गये हंगामे के बाद वापस ले लिया गया है। लेकिन नुकसान हो चुका है। केसीबीसी के आधिकारिक प्रवक्ता फादर थॉमस थारायिल ने स्वीकार किया कि लेख के प्रकाशन का समय निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

लेख में दावा किया गया था कि भारत में कैथोलिक चर्च के स्वामित्व वाली भूमि देश में वक्फ संपत्तियों से कहीं अधिक है। लेख में यह भी कहा गया था कि ब्रिटिश शासकों ने चर्च को लगभग सात करोड़ हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दी थी, और बताया कि 1965 का एक नियम अभी तक लागू नहीं हुआ है, जो औपनिवेशिक युग के चार्टर, वसीयत, पट्टे और किराये के समझौतों को निरर्थक बनाता है।

संसद द्वारा पारित विधेयक केंद्र सरकार को शैक्षणिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्त को विनियमित करने का अधिकार देता है। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने सरकार को कानून के तत्काल कार्यान्वयन के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट 5 मई को इस मुद्दे पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा।

विपक्षी दलों ने चर्च की संपत्तियों पर नियंत्रण करने के केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि मुसलमानों के बाद, मोदी सरकार अब अपने अल्पसंख्यक विरोधी एजंडे के तहत ईसाइयों को निशाना बना रही है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराईविजयन, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केरल में विपक्ष के नेता वीडीसतीशन और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने कहा कि लेख भाजपा-आरएसएस के असली इरादों को उजागर करते हैं, और वह है अल्पसंख्यकों को परेशान करना। विजयन ने अल्पसंख्यक समूहों को एक-एक करके निशाना बनाने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से नष्ट करने की एक बड़ी योजना देखी। भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों को संविधान द्वारा दी गयी गारंटी और सुरक्षा को कमजोर कर रही है।

चर्च द्वारा संचालित दीपिका ने संपादकीय में कहा कि हालांकि आरएसएस ने लेख वापस ले लिए हैं, लेकिन ऑर्गनाइजर ने अभी तक यह स्वीकार नहीं किया है कि उसके द्वारा प्रकाशित जानकारी गलत है। यह केवल उन लेखों के बारे में नहीं है जिन्हें आरएसएस ने वापस ले लिया है या अस्वीकार कर दिया है। यह जिन विचारों को आगे बढ़ाता है और जो कार्य करता रहता है, वे देश में अल्पसंख्यकों, जिनमें ईसाई भी शामिल हैं, की समान नागरिकता की भावना के लिए हानिकारक हैं। लेख में उत्तरी भारत में ईसाइयों पर चल रहे हमलों को भी उजागर किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार की चुप्पी की भी आलोचना की गयी है, जो ईसाई समुदाय के खिलाफ हिंसा करने वालों को बढ़ावा दे रही है।

इसके अलावा, इंडिया करंट्स, जोउत्तरी भारत के क्रिस्ट ज्योति प्रांत के कैपुचिन्स के संरक्षण में प्रकाशित एक प्रकाशन है,और जो एक धार्मिक मण्डली तथा चर्च के बढ़ते डर को प्रतिध्वनित करती है, के संपादकीय में कहा गया कि कई समूह, यहां तक कि कुछ जिन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, इसे जीत के रूप में मना रहे हैं। लेकिन क्या यह वास्तव में जीत है, या केवल एक दु:स्वप्न की प्रयोगात्मक शुरुआत है।

इस सबका एक संचयी प्रभाव यह हुआ है कि राज्य में ईसाई वोट बैंक में अधिक से अधिक पैठ बनाने के भाजपा के श्रमसाध्य प्रयासों को बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिर इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे(एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) इस मुद्दे पर भाजपा की तीव्र बेचैनी से खुश हैं। दोनों को यकीन है कि ईसाइयों का वह वर्ग जो भाजपा के जाल में फंस गया था, अब अपने कदम पीछे खींच लेगा, क्योंकि भगवा पार्टी की धोखाधड़ी उजागर हो गयी है।

## आपके पत्र

### जाति आधारित जनगणना में किसको होगा फायदा,सत्तारुढ़ सरकार या विपक्षी दल को ?

जाति आधारित जनगणना कराने के लिए भाजपा ने स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी के निवास पर हाईलेवल मीटिंग के करने के बाद यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस की पिछले 11 सालों की मांग को पूर्णविराम लग जायेगा। इसके तहत विपक्ष के मुद्दे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। बिहार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व बड़ा मुद्दा हाथ से सरकता जा रहा है। राहुल गांधी ने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा तोड़ने की बात कही थी। नई गणना के साथ ही अब जातियों की गणना की जाएगी। भारत में अब तक न तो जाति गणना हुई है और ना ही कोई सर्वे हुआ है इसलिए कौन कहां और कितनी जातियां हैं कुछ कह नही सकते है। बिहार में जातिगत सर्वे हुआ है जोकि बिहार में पिछड़ा वर्ग और ओबीसी की संख्या अधिक बताई जा रही है। जाति आधारित गणना से सही आंकड़ो का पता लग जाएगा। बिहार में जो अभी मोदीजी की इच्छा के विरुद्ध जाति गणना की गई थी। पिछड़ा वर्ग 27.12 फीसद, जबकि अति पिछड़ा वर्ग 36.01 फीसदी है। बिहार में ओबीसी को 12 प्रतिशत और अतिपिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है। जितनी भागीदारी उतनी हिस्सेदारी का फार्मूला लागू किया जाए तो 63 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। अभी हाल बिहार में एसटी और एससी को 20 प्रतिशतआरक्षण मिला हुआ है। आरक्षण कहां से दिया जाएगा। कहां से मिलेगा। आरक्षण सामान्य वर्ग से काटकर इनको दिया जाएगा। सामान्य वर्ग को नाखुश कर एसटी एससी को खुश करने के लिए सामान्य वर्ग को नाराज किया जाएगा। जाति की गिनती जनगणना के साथ की जाएगी। कांग्रेस जनता दल समाजवादी पार्टी यानी विपक्षी दल हमेशा जाति गणना की बात करते आ रहे हैं। जाति गणना के खिलाफ रही है भाजपा, जनता दल यूनाइटेड और जनता कल बीजेपी की सहयोगी पार्टी है। ये चाहते हैं कि जाति गणना होनी चाहिए। बीजेपी ने हाल के वर्षो में दलितों और पिछड़ो का बड़ा हिस्सा इनके साथ है। भाजपा ने जाति गणना का फैसला लेकर बिहार में कांग्रेस और आरजेडी को बड़ा झटका दिया ही है इससे भाजपा को बड़ा फायदा होगा।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### पंचायती राज में बाधक अभिजात सोच

*'पंचायती राज के प्रति हमारी सरकारें गंभीर नहीं हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए राज्य सरकारों को पंचायतों के कामकाज में हस्तक्षेप करने की बड़ी छूट दे दी गई है। इसके चलते पंचायती राज व्यवस्था राज्य सरकारों की दया पर निर्भर हो गई है। इसलिए कभी मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार दो बच्चों से ज्यादा होने पर चुनाव लडने पर प्रतिबंध लगा देती है तो कभी राजस्थान की भाजपा सरकार ऐसा निर्णय ले लेती है। सांसद और विधायक भी पंचों-सरपंचों को किसी गिनती में नहीं रखते। यह एक बड़ी विसंगति है। हम मानते हैं कि अगर पंचगण शिक्षित हों तो वह बेहतर है, लेकिन जब हम देखते हैं कि हमारे द्वारा चुनकर भेजे गए लोग शिक्षित होने के बावजूद किस तरह का आचरण कर रहे हैं तब यह एकमात्र शर्त संदिग्ध हो जाती है।'*

**(देशबन्धु सम्पादकीय 29 दिसंबर 2014)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/12/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### महान योद्धा और समाज सुधारक परशुराम

भगवान विष्णु के अवतारों में से एक माने जाने वाले भगवान परशुराम के साथ भी कुछ अद्‌भुत हुआ माना जाता है। उनके आक्रोश और पृथ्वी को इक्कीस बार क्षत्रियविहीन करने की घटना को तो खूब प्रचारित कर वैमनस्य फैलाने का उपक्रम किया जाता है पर उनके व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को भुला दिया जाता है। पिता की आज्ञा पर मां रेणुका का सिर धड़ से अलग करने की घटना को भी एक आज्ञाकारी पुत्र के रूप में प्रेरक अ ाख्यान बनाकर सुनाया जाता है किंतु सवाल खड़ा होता है कि क्या व्यक्ति केवल चरम हिंसा के बूते जननायक के रूप में स्थापित होकर लोकप्रिय हो सकता है? क्या हैहयवंश के नरेश कार्तवीर्य अर्जुन के वंश का समूल नाश करने के बावजूद पृथ्वी क्षत्रियों से विहीन हो पाई? रामायण और महाभारत काल में तो पृथ्वी पर क्षत्रिय राजाओं के ही राज्य रहे। वे ही उनके अधिपति हुए। इक्ष्वाकु वंश के मर्यादा पुरुषोत्तम राम को आशीर्वाद देने वाले, कौरव नरेश धृतराष्ट्र को पांडवों से संधि करने की सलाह देने वाले और सूत पुत्र कर्ण को ब्रह्मशास्त्र की दीक्षा देने वाले परशुराम ही थे।

ये सब क्षत्रिय थे। इस रूप में विवेचन किया जाए तो भगवान परशुराम क्षत्रियों के शत्रु नहीं,बल्कि शुभचिंतक ही थे। वास्तविकता में भगवान परशुराम आततायी शासकों के प्रबल विरोधी थे। पौराणिक आख्यानों का विवेचन विश्लेषण किया जाए तो समाज सुधारक और जनता को स्वावलंबन से जोड़ने में भगवान परशुराम की अहम भूमिका अंतर्निहित है। केरल, कच्छ और कोंकण क्षेत्रों में जहां परशुराम ने समुद्र में डूबी खेती योग्य भूमि निकालने की तकनीक सुझाई तो वहीं अपने परशु का उपयोग कर जंगलों को साफ कर भूमि को कृषियोग्य बनाने का दायित्व भी निभाया। इन्हीं परशुराम ने हेय माने जाने वाले दरिद्रनारायणों को शिक्षित व दीक्षित कर विप्र बनाया। उन्हें यज्ञोपवीत संस्कार से जोड़ा और उस समय जो दुराचारी व आचरणहीन थे, उनका सामाजिक बहिष्कार किया।

इसी समय क्षत्रियों की शाखाएं दो कुलों में विभाजित हुईं। एक सूर्यवंश और दूसरा चंद्रवंश। चंद्रवंशी पूरे भारतवर्ष में छाए हुए थे और उनका प्रताप चरमोत्कर्ष पर था। हैहयवंशीय अर्जुन वंश चंद्रवंशी था। माहिस्मती नरेश कार्तवीर्य अर्जुन इसी कुल के वंशज थे। भृगु ऋषि इस वंश के राजगुरु थे। जमदग्नि राजगुरु परंपरा का निर्वाह कार्तवीर्य अर्जुन के दरबार में कर रहे थे, किंतु अनीतियों का विरोध करने के कारण कार्तवीर्य अर्जुन और जमदग्नि में मतभेद हो गए। परिणामस्वरूप जमदग्नि महिष्मति राज्य छोड़ कर चले गए। इस गतिविधियों से रुष्ट होकर सहस्त्रबाहू कार्तवीर्य अर्जुन आखेट का बहाना करके अनायास जमदग्नि के आश्रम में सेना सहित पहुंच गए। ऋषि जमदग्नि ने अतिथि सत्कार किया, लेकिन स्वेच्छाचारी और युद्धोन्मादी अर्जुन ने प्रतिहिंसाास्वरूप जमदग्नि की हत्या कर दी। उसने पूरे आश्रम को उजाड़ दिया और ऋषि की प्रिय कामधेनु गाय को छीन कर ले गए। आश्रम के अनेक ब्राम्हण ने कान्यकुब्ज के राजा गाधि के राज्य में शरण ली। परशुराम जब यात्रा से लौटे तो इस घटना से क्रोधित होकर उन्होंने हैहयवंश के विनाश का संकल्प लिया और इस हेतु पूरी सामरिक राजनीति को अंजाम दिया।

क्षत्रियों के साथ युद्ध करने के बाद परशुराम ने समाज सुधार व कृषि के प्रकल्प अपने हाथ में लिए। उन्होंने केरल, कोंकण, मालाबार और कच्छ क्षेत्र में समुद्र में डूबी कषियोग्य भूमि को बाहर निकाला था। इस समय कश्यप ऋषि और इंद्र समुद्री पानी को बाहर निकालने की तकनीक में निपुण थे। अगस्त्य को समुद्र का पानी पी जाने वाले ऋषि और इंद्र को जल का देवता इसीलिए माना जाता है। परशुराम ने इस क्षेत्र में अपने परशु का उपयोग रचनात्मक कार्य के लिए किया। उपजाऊ कृषि भूमि तैयार की।

**अखंड ज्योति**

देशबन्धु

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने जातिगत जनगणना के निर्णय को बताया ऐतिहासिक, बोले-

# जातिगत जनगणना सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण के लिए



## पूछा- सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर कहा कि, ये सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण के लिए की जाएगी। मैं जातिगत जनगणना कराने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। ये जाति की राजनीति नहीं है, सुशासन की आधारभूत नींव है, समाज के हर वर्ग को न्याय देने का प्रयास है। श्री चौहान ने सवाल किया कि आज कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि वर्षों तक देश में कांग्रेस की सरकारें रही, इतने सालों तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई..? उन्होंने पूछा कि सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाई? श्री चौहान आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में कहा था कि, वह जाति के आधार पर आरक्षण के भी विरोधी हैं। पत्र रिकार्ड में मौजूद हैं, उन्होंने हमेशा जाति और जातिगत जनगणना का विरोध किया। काका कालेलकर की रिपोर्ट किसने दबाई थी। कांग्रेस ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया। झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक में जब मण्डल कमीशन आया तब इंदिरा गांधी ने ही विरोध किया था। वीपी मण्डल की जातिगत जनगणना की मांग को तत्कालीन गृहमंत्री ज्ञानी ज़ेल सिंह ने खारिज किया था। श्री चौहान ने कहा कि राहुल गांधी मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं, स्वर्गीय राजीव गांधी का रुख क्या था, उस समय जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई..? फिर श्रीमती सोनिया गांधी पॉवर में आईं, दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उनकी सरकार आई, तब उन्होंने पार्लियामेंट में आश्वस्त किया था कि, वो जातिगत जनगणना पर कैबिनेट में विचार करेंगे। मंत्रीमण्डल का एक समूह बना 'ग्रुप ऑफ मिनिस्टर' तब भी जातिगत जनगणना नहीं हुई बस एक सर्वे ही हुआ।

### राहुल गांधी को संविधान पढ़ने की ट्यूशन लेनी चाहिए

श्री चौहान ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि, आज वो कह रहे हैं कि, तेलंगाना में हुआ है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि, तेलंगाना में जातिगत जनगणना नहीं हुई है, सर्वे हुआ है। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी को संविधान पढ़ने के लिए ट्यूशन लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। आज ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह फैसला किया है कि अब जनगणना के साथ, जातियों की गणना भी होगी। यह फैसला ऐतिहासिक है, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। जातिगत जनगणना पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। समाज के सभी वर्गों के आर्थिक और सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए देश के हित में होगी।

# मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए। इसके अलावा मुख्य सचिव पीके सिंह, आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार, जीओसी 3 कोर लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस पेंढारकर, आईजी एआर (दक्षिण) मेजर जनरल रावरूप सिंह और आईजीएआर (पूर्व) मेजर जनरल सुरेश कुमार भांभू भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए। इस बीच, भूमि विवाद के बाद तामेंगलोंग जिला मुख्यालय में हिंसक झड़प हुई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। संकट को नियंत्रित करने के लिए तामेंगलोंग के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. एल अंगशिम डांगशावा ने कर्फ्यू लगा दिया है। जिला कलेक्टर ने एक आदेश में कहा कि पुराने तामेंगलोंग ग्रामीणों और दलांग गांव के बीच सीमा विवाद के संबंध में आयोग के गठन के संबंध में सिविल जज सीनियर डिवीजन, तामेंगलोंग के आदेश के बाद पुराने तामेंगलोंग के ग्रामीण 30 अप्रैल को तामेंगलोंग गांव की ओर से तामेंगलोंग मुख्यालय की ओर एक रैली का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें आगजनी, सामान्य दैनिक जीवन में व्यवधान और शांति भंग होने की आशंका है, इसलिए उन्होंने अगले आदेश तक सभा किये जाने और आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव का किया स्वागत

# उज्जैन सांस्कृतिक राजधानी के रूप में हो रही है विकसित : रामदेव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरू बाबा रामदेव का उज्जैन आगमन पर पुष्प गुच्छ के साथ शॉल, श्रीफल एवं भगवान श्री महाकाल की तस्वीर भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विरासत मूलक विकास और संस्कृति के नए प्रतिमान प्रतिदिन गढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश धर्म भूमि भी है। मध्यप्रदेश में कृषि से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। अब तो मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्तर पर भी उन्नति कर रहा है।

योग गुरू स्वामी रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशेष प्रयासों और पुरुषार्थ से उज्जैन में आगामी महाकुंभ पर्व की भव्य तैयारियॉ की जा रही है। भगवान महाकालेश्वर देवादिदेव महादेव है और उनके अनुग्रह को प्राप्त कर संपूर्ण विश्व में उज्जैन नगरी सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित हो रही है। यहां आयोजित होने वाला कुंभ एक दिव्य स्वरूप में आयोजित हो ताकि सनातन धर्म का गौरव एक नए रूप में पूरे विश्व के समक्ष देखने को मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीरता और विनय की प्रतिमूर्ति बनकर करोड़ों लोगों की सेवा का कार्य कर रहे हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि आज अक्षय तृतीया के पर्व पर वे भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए थे। भस्मारती के दर्शन कर उन्हें दिव्य और अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ है। स्वामी रामदेव ने कहा कि डॉ. यादव की भक्तिपूर्ण एवं सादगीपूर्ण कार्यशैली सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उज्जैन के निरंतर विकास और कुंभ आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### महाकालेश्वर की भस्मारती में हुए शामिल

योग गुरु स्वामी रामदेव बुधवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया।

## गन्ने का एफआरपी 355 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित करने पर मुख्यमंत्री ने माना आभार

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए गन्ने का एफआरपी( उचित एवं लाभकारी मूल्य) 355 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित करने के किसान हितैषी निर्णय पर आभार माना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा कृषि विकास एवं किसान कल्याण के लिए समर्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के लगभग 5 करोड़ किसानों को ऐतिहासिक उपहार दिया है। इससे मध्यप्रदेश के किसान भी लाभान्वित होंगे। साथ ही देश भर के चीनी मिलों में कार्यरत लगभग 5 लाख श्रमिकों को भी लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस निर्णय के लिए प्रदेश के किसानों और उनके परिवारों की ओर से वे प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

लोक निर्माण मंत्री ने किया इंदौर जिला न्यायालय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

# निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को इंदौर के पीपल्या हाना क्षेत्र में निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन का भौतिक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण में उन्होंने कार्य की वर्तमान प्रगति की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यह परियोजना शासन की प्राथमिकताओं में है तथा इसे तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जायें।

मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि भवन की ड्राइंग एवं डिजाइन में हो रही देरी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। सभी डिजाइन एवं ड्राइंग 7 मई तक आर्किटेक्ट से प्राप्त करें। अन्यथा अनुबंध समाप्ति की कार्रवाई की जाएं। उन्होंने निर्माण सामग्री के अनुमोदन में हो रही



देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि अप्रूवल में विलंब के कारण निर्माण कार्य में रुकावट आती है, तो संबंधित अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने पुनरीक्षित एस्टीमेट के अनुमोदन की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा ठेकेदार के रनिंग बिलों के शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य की गति बनी रहे। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इंदौर के मुख्य अभियंता (भवन) निर्माण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा स्वयं करें और प्रमुख अभियंता के माध्यम से प्रत्येक सोमवार को निर्माण की प्रगति रिपोर्ट मंत्रालय को प्रस्तुत की जाएं। साथ ही इस रिपोर्ट की एक प्रति उनके विशेष सहायक को भी भेजी जाए।

## बंगाल के राज्यपाल ने लंबित 3 विधेयकों को दी मंजूरी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने लंबे समय से लंबित तीन विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिन्हें राज्य विधानसभा ने 2022 और 2023 में पारित किया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को इन तीन विधेयकों - पश्चिम बंगाल भूमि सुधार और किरायेदारी न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022, पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 और पश्चिम बंगाल नगर एवं ग्राम (योजना एवं विकास) (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी। राजभवन में विशेष कार्य अधिकारी के अनुसार राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की भी सिफारिश की है।

## मंत्री सारंग ने द्वारका धाम में फिट इंडिया क्लब ओपन जिम का किया लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-75 द्वारका धाम में फिट इंडिया क्लब के तहत निर्मित ओपन जिम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं युवा मौजूद रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ओपन जिम की स्थापना से क्षेत्रवासियों को निःशुल्क फिटनेस सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे व्यस्त जीवन में भी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे सकें। कार्यक्रम के बाद बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने जिम उपकरणों का उत्साहपूर्वक उपयोग भी किया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मानवेन्द्र मिश्र तनय श्री सुखदेव मिश्र निवासी द्वारका गार्डन तिली वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट स्थित ग्राम केरबना प.ह.न. 80, रा.नि.म. परसोरिया तहसील व जिला सागर म.प्र. के खसरा नं. 803/1 नया खसरा नंबर 803/1/1 व 803/1/2 जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट प्लाट खरीदने हेतु श्री अवधेश सिंह दांगी तनय श्री अनुरूद्ध दांगी निवासी ग्राम केरवना तहसील व जिला सागर म.प्र. वालों को मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड सागर द्वारा गृह ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्लाट से संबंधित लिंक विक्रय पत्र दिनांक 06.08.2012 जो पुस्तक क्रमांक अ 1. ग्रंथ क्रमांक 8712 तथा दस्तावेज क्रमांक 1175 ग पर निधी तिवारी पुत्री श्री प्रेमनारायण तिवारी निवासी चकराघाट वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. के नाम से उपं पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध है गुम हो गया है जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाना में दी गई है।

अतः यदि किसी व्यक्ति या किसी संस्था, बैंक, सरकारी या अर्द्ध सरकारी बैंक आदि को उक्त विक्रय पत्र दिनांक 06.08.2012 दस्तावेज क्रमांक 1175ग से संबंधित कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस जाहिर सूचना के 07 दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय ने प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरन किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। ताकीद जानिये।

सूचनादाता
हेमन्त कुमार नामदेव
एडवोकेट सिविल कोर्ट सागर
कार्यालय-एच.आई.जी. 02,
इन्दप्रस्थ कालोनी तिली रोड
सागर म.प्र. मो.- 9993421637



**CHANGE OF NAME**

I , JAYA GOVIND IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO JC 572909X RANK SUB NAME VALAND GOVIND BHAI MULJI BHAI SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS VILL - TIMBANA MUVADA , PO - MENPURA , TEH - GALTESHWAR, DIST - KHEDA , STATE - GUJARAT PIN - 388235 HAVE CHANGED MY NAME FROM JAYA GOVIND (OLD NAME) TO VALAND JAYA GOVIND (NEW NAME) VIDE AFFIDAVIT DATED 01/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**हमारी सेनाओं का मनोबल....** उचित हाईकोर्ट में दाखिल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, छात्रों को लेकर जो प्रार्थना है, उसके लिए आप हाईकोर्ट का रुख करें। याचिकाकर्ता ने यह सफाई दी कि याचिका विभिन्न राज्यों में पढ़ने वाले कश्मीरी छात्रों की ओर से चिंता के रूप में दाखिल की गई थी, जिन्हें हमले के बाद बदले की भावना से खतरा हो सकता है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहले ही अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी निवासियों और छात्रों की सुरक्षा के लिए समन्वय हेतु अपने मंत्रियों को भेजा था।

इसके बावजूद, सुप्रीम कोर्ट अपने रुख पर अडिग रहा और अंततः याचिकाकर्ता को छात्र सुरक्षा से संबंधित मुद्दों के लिए संबंधित हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की छूट देते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यहां तक कहा कि यह मामला हाईकोर्ट भी न जाए, और तर्क दिया कि यह विषय न्यायिक हस्तक्षेप का उपयुक्त क्षेत्र नहीं है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस याचिका को खारिज किया जाना इस बात को रेखांकित करता है कि न्यायपालिका राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी कार्रवाई जैसे मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करती है, खासकर तब जब सरकार और सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रही हों। पीठ की टिप्पणियां इस व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती हैं कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों से निपटने का कार्य कार्यपालिका और जांच एजेंसियों के अधीन आता है, न कि न्यायिक जांच के माध्यम से।

**125 पाक नागरिक गए....** में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे ऐसे लोगों की कुल संख्या क्रमशः 1,617 और 224 हो गई है। केंद्र ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों सहित 26 लोगों की हत्या के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ने' का आदेश दिया था। अब दोनों देशों में रह रहे दूसरे मुल्क के नागरिकों को कानूनी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**पाकिस्तानियों का वापस भेजने....** की है। अहमद तारिक बट्ट का पिता तारिक मशकूर बट्ट पाक अधिकृत कश्मीर के मीरपुर का निवासी है। वहीं उसकी मां नुसरत बट्ट भारत के श्रीनगर की जन्मी हैं। याचिका के मुताबिक- तारिक बट्ट 1997 तक पाक अधिकृत कश्मीर के मीरपुर में रहा। फिर वर्ष 2000 में पूरा परिवार सरहद पार कर श्रीनगर आ गया। तारिक बट्ट कई सालों तक कश्मीर घाटी में रहा। फिलहाल वह बंगलुरु में रहता है। इस बीच उसने केरल के कोझिकोड में स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान यानी आईआईएम से स्नातक की उपाधि हासिल की। कुछ वर्षों से वो बंगलुरू में एक आईटी कंपनी में कार्यरत है। याचिकाकर्ता अहमद तारिक बट्ट ने अपनी अर्जी में लिखा है कि उसके और उसके परिवार के पास भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड है। परिवार में उसकी बहन आयशा तारिक, भाई अबुबकर तारिक और उमर तारिक बट्ट हैं। याचिका के मुताबिक तारिक बट्ट मीरपुर में रहते थे, लेकिन पासपोर्ट में जन्म स्थान श्रीनगर है।

**आतंकियों को बख्शा नहीं....** वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या चाहे कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया हो हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया है। इस देश की इंच-इंच जमीन से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, मैं आज जनता को बताना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं उनके खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। आज वे यह न समझे कि हमारे नागरिकों की जान लेकर वो ये लड़ाई जीते हैं। मैं सभी आतंक फैलाने वालों को कहना चाहता हूं कि यह लड़ाई अंत नहीं है, एक मकाम है, एक-एक व्यक्ति को चुन-चुन कर इसका जवाब दिया जाएगा।

**पहलगाम हमले के दोषियों....** भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि श्री रुबियो ने भारत को तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए

**सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता....** प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड वीरों की भूमि है, बुन्देलखंड के वीरों का गौरवशाली इतिहास रहा है। समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटैल, सांसद सागर संसदीय क्षेत्र श्रीमती लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया, पूर्व विधायक श्रीमती पारुल साहू, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, किशोरदास महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी पटेल, अभिषेक दीपू भार्गव, डॉ. अनिल तिवारी, शैलेश केसरवानी ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

# हाथियों ने रात भर फसलों को बनाया आहार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** तीन हाथियों के समूह विगत दो दिनों से गोबरी के जंगल में दिन में ठहरने बाद रात होते ही खाने की तलाश में ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों को वनविभाग के गस्ती दल एवं ग्रामीणों को चकमा देते हुए चुपचाप खेतों में पहुंचकर फसलों को आहार बनाते हुये सुबह होते ही बुधवार को फिर से गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। तीन हाथियों का समूह विगत एक माह से अधिक समय से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर से राजेंद्रग्राम इलाके में घूमते-फिरते हुए 3 दिन पूर्व एक बार फिर से जैतहरी तहसील के इलाके में वापस पहुंचकर विचरण कर रहे हैं। हाथियों द्वारा दिनों में जंगल में ठहरने बाद रात होते ही हाथी गस्ती दल में लगे वनविभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, गामीणो को चकमा देते हुए नए-नए क्षेत्रों में पहुंचकर खेतो में लगी फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। वन परिक्षेत्र जैतहरी के बैहार वन बीट के जंगल में दिन में ठहरने बाद देर शाम होने पर तीनों हाथी गिरवी गांव के जंगल से बैहार के बंजारीघाट से उतर कर बैहार के दोखहाटोला के किनारे से ग्राम पंचायत गौरेला के ठेही गांव में स्थित प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल आरदा के समीप से बड़काटोला होते हुए वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम केकरपानी के दुआहीटोला, बांका से कुदुरझोरी नाला पार कर ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के झुरहीतलैया खेत में पहुंचे थे। नामक अपने अस्थाई रहवास स्थल के जंगल मे पहुंचकर विश्राम करते हुए गोबरी के ठाकुरबाबा के पास से जैतहरी-राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग पर कुछ देर के लिए पहुंच कर वापस झुरहीतलैया जंगल में दिनभर विश्राम करते रहे। तीनों हाथी मंगलवार की शाम जंगल से निकलकर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पगना के शक्तीकुण्डी से ग्राम पगना के जल्दाटोला बांध के समीप देर रात सभी को चकमा देते हुए नरेश सिंह एवं भूपेंद्र सिंह के खेतों में लगी धान की फसल को पूरे शांत माहौल में रात भर आहार बनाते हुए बुधवार की सुबह होते-होते शक्तिकुंडी के जंगल से बडवार नाला पार कर दूसरे दिन गोबरी के झुरहीतलैया के जंगल में विश्राम कर रहे हैं। हाथियों द्वारा दो दिनों तक किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया गया किंतु मंगलवार की रात सभी को चकमा देते हुए पगना के जल्दाबांध के समीप दो किसानों के खेतों में लगी धान को शांतिपूर्ण तरीके से रात भर खाते रहे हैं।


**CHANGE OF NAME**

I , RAMCHANDER SINGH FATHER OF NO - 13624845P RANK HAVILDAR NAME AMIT KUMAR SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS VPO - TIGRANA , TEH - BHIWANI , DIST - BHIWANI , STATE - HARYANA, PIN - 127031 HAVE CHANGED MY NAME FROM RAMCHANDER SINGH (OLD NAME ) TO RAM CHANDER (NEW NAME ). VIDE AFFIDAVIT DATED 30/04/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , GURUVAYYA PUJERI FATHER OF NAME SHANKARAYYA PUJERI HOME ADDRESS AT H NO 66A/2 PUJERI STREET , VTC - DESHANUR , PO - DESHNUR , SUB DIST - SAMPGAON , DIST - BELAGAVI, STATE - KARNATAKA, PIN CODE - 591147 HAVE CHANGED MY NAME FROM GURUVAYYA PUJERI TO GURUVAYYA SHIVALINGAYYA PUJERI . VIDE AFFIDAVIT DATED 01/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , SEVANTA IS MOTHER OF NO - 4580459Y RANK LNK NAME ANAND DHANAWADE SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS VILL - YADAGUD , PO - YADAGUD , TEH - HUKKERI , DIST - BELAGAVI STATE - KARNATAKA, PIN 591309 HAVE CHANGED MY NAME FROM SEVANTA (OLD NAME ) TO SEVANTA DHANAWADE (NEW NAME ) AND CHANGED MY DOB FROM 05/02/1971 (OLD DOB) TO 01/06/1972 (NEW DOB) . VIDE AFFIDAVIT DATED 28/03/2025 EXECUTED BEFORE COURT HUKKERI (DIST BELAGAVI) KARNATAKA.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , SHANKAR IS FATHER OF NO - 4580459Y RANK LNK NAME ANAND DHANAWADE SERVING IN 19 MAHAR HOME ADDRESS VILL - YADAGUD , PO - YADAGUD , TEH - HUKKERI , DIST - BELAGAVI STATE - KARNATAKA, PIN 591309 HAVE CHANGED MY NAME FROM SHANKAR (OLD NAME) TO SHANKAR DHANAWADE (NEW NAME) AND CHANGED MY DOB FROM 01/01/1961 ( OLD DOB ) TO 02/07/1964 (NEW NAME ) . VIDE AFFIDAVIT DATED 28/03/2025 EXECUTED BEFORE COURT HUKKERI (DIST BELAGAVI) KARNATAKA.



**कार्यालय कलेक्टर, जिला रायसेन (म.प्र.) एवं समुचित सरकार मध्यप्रदेश शासन (राजस्व विभाग)**

क्रमाँक / 3174 /भू-अर्जन/2025 रायसेन, दिनांक 16/04/2025

**घोषणा**

चूंकि समुचित सरकार को इस बात का समाधान हो गया है कि जेरा मध्यम परियोजना के अन्तर्गत डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम बाँसादेही तहसील बेगमगंज जिला रायसेन के भू-अर्जन हेतु 'भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013' की धारा-19 के तहत अर्जित की जाने वाली भूमियों का मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 22 मार्च 2024 में प्रकाशन किया गया है। अर्जित भूमियों के संबंध में भू-स्वामियों द्वारा दावे/आपत्ति प्रस्तुत करने से उनके निराकरण एवं विधिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अधिनिर्णय पारित किये जाने में समय लगने की संभावना है।

अत: जेरा मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम बाँसादेही तहसील बेगमगंज जिला की निजी भूमियों का 'भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013' की धारा-25 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत दिनांक 22 मार्च 2025 को अवसान होने वाली अधिनिर्णय की अवधि को उक्त तिथि से निरन्तर छः मास के लिये बढाया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( अरुण कुमार विश्वकर्मा )
कलेक्टर, जिला-रायसेन

जी-12271/25



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.1 सागर**

फोन नं. 07582-222296 ई-मेल आईडी - eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.04/2025-26 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक 29.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) रुपये में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 419637_1 | हरदौट निवोदिया से ऐरण मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 2.00 कि.मी. अनु. लागत 307.52 लाख | सागर | 30752000 | 307520/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025_PWDRB_ 419638_1 | नौगांव सतोरिया मार्ग (कोंरजा) बरोदिया घाट मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 3.00 कि.मी. अनु. लागत 379.45 लाख | सागर | 37945000 | 379450/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2025_PWDRB_ 419640_1 | बसारी पीएमजीएसवाय मार्ग से निवारी मार्ग का निमार्ण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 2.50 कि.मी.अनु. लागत 283.71 लाख | सागर | 28371000 | 283710/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2025_PWDRB_ 419641_1 | पिपरासर से महादेव घाट मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 2.80 कि.मी. अनु. लागत 347.47 लाख | सागर | 34747000 | 347470/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | कुल | 131815000 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक **01.05.2025** समय 10.00 से दिनांक **16.05.2025** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्रं.1 सागर

जी-12262/25

## सार समाचार

### अभियान में 419 से अधिक मजनुओं को पकड़ा जा चुका है



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,एस.डी.ओ.पी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में महिला थाना पुलिस द्वारा लैला मजनू अभियान के पीजी कॉलेज टीकमग? पार्क के आस-पास के संदिग्ध स्थानों पर घूम रहे मजनुओं, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व घूमने का वैध कारण न बता पाने पर वैधानिक कार्यवाही की गई।होटल, लॉज ,धर्मशाला,उपवन पार्क, पिकनिक स्पॉट ,तालाब आदि पर लगातार औचक पेट्रोलिंग की जा रही है । पकड़े गए मजनुओं के अभिभावकों को बुलाकर समझाइस दी जा रही है ।अभी तक 419 से अधिक मजनुओं पर वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है ।

उपरोक्त कार्यवाही में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता ,उप निरीक्षक धनवंती,महिला प्रधान आरक्षक रामसखी,नूरजहां,प्रधान आरक्षक अवधेश खटिक,आरक्षक प्रदीप रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# शराब पीने-पिलाने पर 11 हजार और बेची तो 21 हजार रुपए का लगेगा जुर्माना

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** बड़ागांव धसान थाना के हैदरपुर गांव के लोगों ने वह कर दिखाया है जो लाख प्रयासों के बाद जिम्मेदार भी नहीं कर सके थे। यहां शराब को ग्रामीणों ने दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ ही समाज और पंचायत के दंड फ रमान कर हाथ न लगाने का संकल्प लिया है। पूर्णत- बंद का फैसला लेने पंचायत बुलाई है। गांव में बिकने वाली अवैध शराब को बंद कराने के लिए एसपी को कलेक्टर को शिकायत दी है।



जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर बड़ागांव धसान क्षेत्र के हैदरपुर गांव को नशा मुक्त करने के लिए युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने घर-घर जाकर पहल की। मंगलवार की शाम गांव के धनुषधारी मंदिर पर सरपंच, उपसरपंच, पंच, बुजुर्ग और युवाओं को पंचायत लगाने का आमंत्रण दिया गया था। पंचायत लगाई गई और गांव हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पंचायत में सभी का कहना है कि गांव में अवैध शराब बनाने और बेचने पर 21 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है। शराब पीने पर भी 11000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। यह निर्णय पंचायत की बैठक में लिया गया है।

**पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के गांव की तरह हैदरपुर होगा पूर्ण नशामुक्त गांव**

हैदरपुर निवासी विवेक यादव, भानप्रताप सिंह, सुखनंदन यादव, उपसरपंच सुनील उदैनियां,धनुवा अहिरवार, छिदामी, अर्जुन अहिरवार, भरोसा यादव, छक्की लाल, देशराज, कम्मौदी, लडकुआं, जानकी, घंसू, कसिया कुशवाहा, हल्लू चढ़ार, गोपी, सोवरन, आशाराम,गिलौजी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के गांव डूडा में पूर्ण तरीके से शराब बंद हो गई है। इसी तरह हैदरपुर में भी शराब बंद का फरमान पंचायत ने जारी कर दिया है।

**इस गांव की कुल आबादी 2000**

पंचायत में ग्रामीणों ने बताया कि हैदरपुर गांव में 250 से अधिक मकान, घर है और 2000 से 2500 की आबादी है। पंचायत के इस फैसले महिलाओं ने भी स्वागत किया है। उनका कहना था कि गांव में बिकने वाली शराब को भी बंद कराया जाएगा। गांव के पंचनामा में अवैध शराब बेचने वालों के नाम खोल दिए गए है। इसका आवेदन एसपी और कलेक्टर को दिया जाएगा।

**युवाओं में बढ़ रही थी शराब की लत**

हैदरपुर गांव के युवाओं में शराब की लत बढ़ रही थी। इसको देखते हुए गांव वालों ने पंचायत बुलाने का निर्णय लिया। उनका कहना था कि शराब की वजह से कई घर बर्बाद हो गए है, अब गांव के युवा भी इस लत के शिकार हो रहे है। नशे में रहने से अभ्रद भाषा के साथ घरेलू हिंसा भी करने लगे है। इससे समाज में नकारात्म प्रभाव पड़ रहा है। घटनाओं को रोकने के लिए शराब बंदी का निर्णय लिया है। पंचायत की सहमति में सभी ने शराब बंद की शपथ ली है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल**

## युवक ने कट्टे से की फायरिंग, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत डूडा गांव में एक युवक द्वारा अवैध तमंचे से हवा में फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। डूंडा गांव का रहने वाला बृजेश लोधी ने अपने साथी से फायरिंग का वीडियो बनवाया। उसने इस वीडियो को अपनी सोशल मीडिया साइट्स पर अपलोड कर दिया।

वीडियो वायरल होने की सूचना मिलते ही एसडीओपी राहुल कटरे के निर्देश पर पुलिस हरकत में आई। बड़ागांव थाना पुलिस ने आरोपी बृजेश लोधी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध कट्टा भी बरामद किया गया। बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो मंगलवार रात का बताया गया है। बुधवार को युवक ने अपनी सोशल साइट पर वीडियो अपलोड किया। घटना की जानकारी लगते ही आरोपी की तलाश शुरू की गई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अवैध कट्टे के स्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**पलेरा जनपद प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए सहायक उपकरण**

# दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाएंगे सहायक उपकरण





**पलेरा, देशबन्धु ।** स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण में सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि आज यहां दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जो कि दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाएंगे, उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को ईश्वर द्वारा विशेष क्षमताएं प्रदान की गई हैं। उनकी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उन तक सुगमता से पहुंचे, यह हम सभी का दायित्व भी है और प्राथमिकता भी। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत से दिव्यांगजनों को लाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों के द्वारा अनेक दिव्यांगों की जांच की गई जिसमें 40 दिव्यांग पात्र पाए गए। उपस्थित डॉक्टरों एवं अधिकारियों के द्वारा उन्हें सहायक उपकरण दिए गए। इस दौरान उपसंचालक सोरभ तिवारी, जबलपुर से डॉक्टर विनीत कुमार सिंह, डॉ प्रिया वर्मा, रामसिंह ऑडियोलॉजिस्ट, डॉ प्रशांत टेक्नीशियन, जिला टीकमगढ़ से अभिषेक खरे, बाबू प्रसाद कुर्मी, दिनेश कुमार पटेल, अमित कुमार समेत जनपद पंचायत के कर्मचारी एवं सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

**विधायक ने एसपी व नगरपालिका अध्यक्ष के साथ पुलिस लाइन में नवनिर्मित टीनशेड का लोकार्पण किया**

# जनहित एवं जनकल्याण के लिए मेरा सब कुछ अर्पित: यादवेंद्र सिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** शहर की पुलिस लाइन में विधायक विकास निधि के माध्यम से 9.93 लाख रूपए की राशि से टीनशेड का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बुधवार को टीनशेड का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई व नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक के साथ लोकार्पण किया गया। टीनशेड के इस लोकार्पण समारोह में विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्य प्रकाश मिश्रा, अनीश अहमद, फरीद खान, सनी सोनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि टीकमग? विधानसभा क्षेत्र में जनहित एवं जनकल्याण कार्यों के लिए मैं हमेशा तैयार रहता हूं और विधायक निधि से क्षेत्र की जनता को जितना लाभ मिले सके उसे पूर्ण करने की कोशिश करता हूं। क्षेत्र की जनता की जो भी महत्वपूर्ण समस्याएं होती हैं, उन समस्याओं को पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहता हूं। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ पुलिस लाइन ग्राउंड में अतिरिक्त पुलिस बल को ठहरने व प्रशिक्षण के लिए विशेष व्यवस्था नहीं थी। एसपी के प्रस्ताव पर तत्काल विधायक निधि की 9.93 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई और पुलिस विभाग ने 3 माह में ही यह सुंदर टीन शेड का निर्माण करवा दिया। आज इसका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है। वहीं इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष से कहा कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय व पुलिस लाइन ग्राउंड में अभी और भी कई कार्यो की कमी है, यदि विधायक निधि व नगरपालिका में फंड है तो उन्हें भी पूर्ण कराया जाए। एसपी के प्रस्ताव को लेकर विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष ने बाकी के कार्यों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

**अपराधों पर नियंत्रण हेतु सामाज में व्याप्त बुराईयो एवं कुरीतियों को समाप्त करने हेतु अभिनव पहल**

# थानों में लगी जनचौपाल, लोगों को किया जागरूक

### जन जागरूकता अभियान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई की नव पहल अंतर्गत जिले में समस्त थाना,चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों को ‍सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों‍ को रोकने हेतु जागरूकता अभियान,कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम,एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सह पुलिस स्टाफ के थाना क्षेत्र में ग्राम,कस्बों में जाकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।




उपरोक्त अभिनव पहल के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में आयोजित जनचौपाल शिविर में पुलिस द्वारा आमजन,युवाओं,महिलाओं को समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों जैसे दहेज प्रथा,डीजे का उपयोग,नशे को रोकने,सामाजिक समारोहों में फज़ूिल खर्ची,जाति व्यवस्था जाति के आधार पर भेदभाव और छुआछूत,दहेज प्रथाविवाह में दहेज की मांग,बाल विवाह कम उम्र में विवाह,लिंग असमानता महिलाओं और पुरुषों के बीच असमानता,बाल श्रम बच्चों को काम पर लगाना,घरेलू हिंसा परिवार के सदस्यों के बीच हिंसा,भ्रष्टाचार( सरकारी पदों का दुरुपयोग,अशिक्षा लोगों को शिक्षित न करना,नशा नशीली दवाओं का उपयोग, शराब का सेवन,वृद्धों की उपेक्षा वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार,कन्या भ्रूण हत्या गर्भ में लड़की को मारना आदि को रोकने के बारे में समझाया एवं समाज में व्याप्त इन बुराइयों एवं कुरीतियों से समाज में अपराध बढ़ रहे हैं युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है नशे की लत तेज़ी से बढ़ रही है जिससे समाज एवं देश के विकास में यह बाधा महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है इसके लिए हम सबको उपरोक्त बुराइयों एवं कुरीतियों को समझकर समाप्त करने हेतु मिलजुलकर प्रयास करना होगा ताकि विकसित एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण हो सके

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को टीकमगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों जो सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के रोकने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं जैसे नशा मुक्ति अभियान, महिला सुरक्षा,सम्मान,समानता अभियान,नीड,परी, भरोसा,आसरा,सहारा अभियान,लैला मजनू अभियान,प्रतिभा सम्मान अभियान,अपराधों से जागरूकता हेतु जागरूकता अभियान से अवगत कराया गया साथ ही महिलाओं हेतु सरकार द्वारा जारी आपातकालीन नंबर 1030,100,1930 एवं नजदीकी थाना,चौकी प्रभारी का नंबर उपलब्ध कराया गया ।

**रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय को स्थानांतरण पर दी गई विदाई**

## सेवानिवृत हुए उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे, उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी को दी गई ससम्मान भावभीनी विदाई



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे एवं उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी अपना सेवा काल पूर्ण कर सेवा निर्वत्त हुए जिन्हें पुलिस कंट्रोल रू मे कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शॉल श्रीफल,सर्टिफिकेट, पुलिस मोमेंटो भेंट कर इनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी बिदाई दी ।इसी क्रम में रक्षित निरीक्षक श्री विशाल मालवीय का स्थानातंरण टीकमगढ़ से भोपाल होने पर उन्हें सम्मानित कर विदाई दी गई ।

**इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय,** रक्षित निरीक्षक श्री कनक सिंह चौहान,थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा,थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चन्द्रजीत यादव , मुख्यलिपिक किशन लाल कुशवाहा, सूबेदार उत्तम सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पुलिस स्टाफ एवं सेवा निर्वत्त पुलिस अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित रहे ।

**जतारा और पलेरा में भूमाफियाओं की करतूत**

# पहाड़ तोड़कर बना दिया समतल मैदान, विभाग बना मूक दर्शक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के जतारा और पलेरा राजस्व विभाग की पहाडियों से अवैध उत्खनन शुरू हो गया है। कई पहाडियां मैदान में तब्दील हो गई है।इस उत्खनन को रोकने के लिए स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से शिकायत की थी, लेकिन मामले में जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को वाहनों के आवागमन से परेशान होना पड़ रहा है।

बताया गया कि पलेरा तहसील क्षेत्र में आने वाले ग्राम खरगूपुरा, ताल लिधौरा, पथरीगढ़ के साथ अन्य स्थानों की पहाड़ी को मिट्टी मुरम के लिए खोद दिया है। इस पहाड़ पर उग रहे पेड़ पौधे नष्ट हो रहे है। जिसके कारण पर्यावरण पर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना था कि पहाड़ी के पेड़ और पौधों की सुरक्षा के लिए काफी समय लगा था, लेकिन मिट्टी मुरम वालो ने एक ही बार में खत्म कर दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते पांच सालों से इन स्थानों से बिना किसी रोक टोक के अवैध उत्खनन किया जा रहा है, कई बार इस मामले में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जबकि कलेक्टर ने अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने के साथ सरकारी जमीनों से अतिक्रमण को हटवाए जाने के निर्देश दे दिए है। इसके बाद भी पलेरा और जतारा तहसीलदार द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### इनका कहना

जहां-जहां राजस्व विभाग की जमीन से उत्खनन किया गया है। उन स्थानों का निरीक्षण कराया जाएगा। अगर पहाड़ों को बिना अनुमति से मिट्टी का उत्खनन किया गया है तो जांच कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**संजय दुबे,**
**एसडीएम जतारा।**

**पलेरा नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 7 में नागरिकों के चिंताजनक हालात**

# खाली प्लाट में भरा जा रहा वार्ड का कचरा

### 2 जून 2023 से शिक्षक के घर नहीं पहुंचा पानी

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर की वार्ड क्रमांक 7 में स्थिति चिंताजनक है। यहां मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना की पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन नलों में पानी नहीं पहुंच रहा। सीसी सड़क को पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा गया, लेकिन बाद में न तो मरम्मत कार्य हुआ और न ही जल आपूर्ति शुरू हो सकी। वार्ड क्रमांक 7 में रहने वाले शिक्षक प्रमोद कुमार सैन बताया कि मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत नवीन पाइप लाइन से विधिवत राशि जमा करते हुए नगर परिषद कार्यालय से नल कनेक्शन कराया गया।



लेकिन जून 2023 से उनके घर में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची है। कर्मचारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अब तक इस मामले की कोई सुनवाई नहीं हुई है। शिक्षक प्रमोद कुमार सैन बताया कि बीते 3 साल से नल में पानी न आने के बावजूद भी नगर परिषद के द्वारा पेयजल की राशि लगातार जमा कराई जा रही है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी भी यहां नहीं पहुंची है। वार्ड में नालंदा स्कूल के पास खाली पड़े हुए प्लांट में यहां के रहवासी लंबे समय से कचरा डालते चले आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद के उदासीन अध्यक्ष एवं पार्षदों की लापरवाही के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही सीएमओ एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जिला कलेक्टर से करेंगे शिकायत-**

स्थानीय वार्ड वासियों ने बताया कि नगर परिषद के लापरवाह जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के द्वारा लगातार जानबूझकर वार्ड 7 के रहवासियों को विकास की मुख्य धारा से नहीं जोड़ा जा रहा है। नालियों में गंदगी भरी पड़ी है, पाइप लाइन के लिए खोदी गई सीसी सड़क को भी सही तरीके से नहीं भरा गया। करीब एक वर्ष पूर्व नालंदा स्कूल के बगल से डाली गई गुणवत्ताहीन सीसी सड़क भी बिना बरसात के ही उखड़ने लगी है। सीसी सड़क के साथ बनाई गई नालियों में चेंबर भी नहीं लगाए गए हैं जिसके चलते आए दिन यहां आने वाले वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इसके अलावा नागरिकों के द्वारा बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 7 की महिला पार्षद भाजपा से है, जिसके चलते यहां के नागरिकों की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। नागरिकों ने बताया कि वह स्थानीय पार्षद को साथ लेकर इस पूरे मामले की शिकायत अब कलेक्टर से करेंगे।

### इनका कहना है

लगातार वार्ड विकास एवं नागरिकों की समस्याओं को लेकर मेरे द्वारा अध्यक्ष एवं सीएमओ से कहा जाता है। लेकिन भाजपा से महिला पार्षद होने के कारण किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जाती है। अब इस मामले में चुप नहीं बैठेंगे। अगर आंदोलन भी करना पड़ेगा तो करेंगे।

**दीपा-मुकेश यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 7, नगर परिषद पलेरा**

## सार समाचार

### फरार वारंटी को अहमदाबाद से किया गया गिरफ्तार




**पन्ना, देशबन्धु।** थाना प्रभारी अजयगढ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर द्वारा स्थाई वारंटियो के संबंध मे मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है एंव सायबर सेल पन्ना से जानकारी प्राप्त की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 205/16 मे 08 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी बिन्दु उर्फ रतन सिंह के अहमदाबाद गुजरात मे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अहमदाबाद गुजरात रवाना हुई जो उपरोक्त स्थाई वारंटी बिन्दु उर्फ रतन सिंह पिता काला सिंह निवासी छटवामील थाना अजयगढ जिला पन्ना को दिनांक 30.04.25 को बस स्टैण्ड अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया जाकर स्थाई वारंटी को लेकर आज दिनांक 01.05.25 को माननीय जेएमएफसी न्यायालय अजयगढ के समक्ष पेश किया गया है।

### समझाईश देकर विवाह रुकवाया



**दमोह, देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र के रुसल्ली गांव में बाल विवाह की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार,परियोजना अधिकारी शिव राय हटा थाना पुलिस के साथ देर रात रुसल्ली गांव मौके पर पँहुचे

और लोगों को समझाइस देकर विवाह रुकवाया.. प्रशासन को यहां एक किशोर की 21 वर्ष के पूर्व ही विवाह होने की सूचना मिली थी, जिस पर अधिकारियों ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए बार पक्ष को 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह नहीं करने की सलाह दी, अधिकारियों की समझाइस पर वरपक्ष विवाह नही करने को राजी हुआ।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कल लगेंगे विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक

**दमोह, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 03 मई को गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की शुरूआत से ही सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक देखभाल सुलभ रूप से प्रदाय करने के उद्देश्य से चिन्हित 13 आयुष्मान आरोग्यम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र यथा अभाना, इमलियाघाट, बांदकुपर, विकासखण्ड हटा अंतर्गत रनेह, हिनौता, मडियादौ, विकासखण्ड तेंदूखेडा अंतर्गत तेजगढ, विकासखण्ड जबेरा अंतर्गत नोहटा, रौड, विकासखण्ड पटेरा अंतर्गत कुण्डलपुर, कुम्हारी, एवं विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत सदगुवां एवं बांसाकलां में विशेष महिला स्वास्थ्य परीक्षण क्लीनिक आयोजित किये जा रहे है। इन विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवायें पूर्णत: नि:शुल्क दी जायेंगी। इन क्लीनिकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत शामिल आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में पंजीकृत गर्भवती महिलायें एवं अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं तथा पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली महिलायें जिनकी फॉलोअप जांच किया जाना है, ऐसी सभी महिलाओं को ग्राम की आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रेरित कर क्लीनिक में लाने का काम किया जायेगा।

डॉ. जैन ने बताया कि क्लीनिक में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, लैब जांच मसलन रक्त, पेशाब, ब्लडग्रुप ओ.जी.टी.टी, मलेरिया, टी.बी., हिपेटाईटिस, एच.आई.व्ही जांच और चिकित्सक सलाह अनुसार अन्य आवश्यक जांच की जायेगी। पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं की फॉलोअप जांच उनके समुदाय के निकट ही स्वास्थ्य केन्द्र में आसानी से हो सकेगी। जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान होने से समय से यथोचित उपचार सेवा दी जायेगी। डॉ. जैन ने बताया कि शिविर दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधापूर्ण बैठक व्यवस्था, स्वल्पाहार की व्यवस्था भी बनाई गई है। जिसकी निगरानी जिला स्तर से की जायेगी।।

### किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य का हुआ शुभारंभ

# छोटी नदियों को अगर बारहमासी कर दिया तो बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा रहेगा : पटेल



**दमोह, देशबन्धु।** हमारा लक्ष्य क्या है और उस लक्ष्य में कितना प्राप्त करते हैं, पानी का मतलब सिर्फ स्त्रोत को ठीक करना नही हैं, पानी का मतलब हैं जहां से पानी ले वो चीजें हमारे पास बची हैं या नहीं हैं। बड़ी नदियों को यदि बचाना हैं तो छोटी नदियों को बारहमासी करने का मौका अभी हमारे पास हैं।। ये ऐसे काम नहीं है, जो एक बार में ही पूरे हो जाएंगे। पहले इस बात को हमारे दिमाग में बिठाना होगा। ये हमारे पुरखों ने बावड़ियां बनाई, कुएं बनाए है। हमें उन्हें सहजने का कार्य करना होगा। उद्देश्य बड़ा साफ है, छोटी नदियों को हमने अगर बारहमासी कर दिया तो बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा रहेगा। इस आशय की बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने स्थानीय किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा यह बात सबको समझने प?गी हम जो भी जलस्त्रोत है, जो जितने साल पहले बारहमासी था उनको भी ठीक करनी की जरूरत है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा। पिछले वर्ष 32 नदियों को जोड़ने का संकल्प लिया था इस बार संकल्प है, मध्यप्रदेश में नर्मदा बेसिन, गोदावरी बेसिन, गंगा बेसिन उसमें जाने वाली किसी भी नदी का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश में है, उस तक पहुँचने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा सीधे नदी से पानी लेते है, तो एक भी बूँद पानी नही बचता ओर बाद में हम मवेशियों के लिये ट्यूबवेल से भरते है। गर्मी की फसल पर हम कितना अंकुश लगा सके इस दिशा में प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा ये सब चीजों के लिये कड़े कदम उठाने चाहिए सरकार इसकी अगुवाई कर रही हैं।

श्री पटेल ने कहा कि फेसिंग का पैसा विभाग के पास नही होता लेकिन इस बार सरकार ने प्रावधान किया है, लगभग 200 स्थानों पर फेसिंग का पैसा देगें ताकि पौधे की सुरक्षा की गारंटी हो जाये, मनरेगा से गड्ढे होते है, फारेस्ट से पौधा मिलता है, तीन साल का पौधा ले और तीन साल बचा ले फिर मान कर चलिये कि वो आपको देगा ही लेगा नही। श्री पटेल ने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का अभारी हूँ कि सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर के रूप में नर्मदा परिक्रमा को शामिल किया है और आने वाले समय में यूनेस्को की लिस्ट भी शामिल हो सकता है।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की एक अभिनव पहल है। इस पहल में हम सबको जुड़ना है। सांसद श्री लोधी ने कहा मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पूरे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग जिलों में जा रहे हैं और जो नदिया 12 महीने पानी देती थी पर किन्हीं कारणों से मिट्टी भरने, पत्थर भरने या हमने वहाँ नाले, पुल, पुलिया बना दिया, स्टॉप डेम बना दी और बहुत सी अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण से वो नदिया अब जो बारहमासी नदिया थी, वो 6 महीने, 5 महीने में ही उनका पानी समाप्त हो जाता है। सांसद श्री लोधी ने कहा इस पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को धन्यवाद और साधुवाद देता हूँ।

सांसद श्री लोधी ने कहा इस अभियान के माध्यम से हमारी जो नदियां बंद या पानी नहीं बचा उनका पुन: जीर्णोद्धार होगा। निश्चित ही जलस्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा यह अभियान 30 जून तक चल रहा है, जनप्रतिनिधिगण सभी जगह पहुँच रहे हैं, आमजन मानस से आग्रह अपनी ग्राम पंचायतों, अपने वार्डों में जहाँ पर पानी के जलस्त्रोत हैं, जो 12 महीने आपको पानी देते रहे अब नहीं आ रहे, अभियान के तौर पर पूरे गांव के लोग लगे और वह बावड़ी हम साफ करें तो एक बेहतर पानी की व्यवस्था हो जाएगी।

उन्होंने कहा जब पानी की व्यवस्था बेहतर हो जाएगी तो पीने की पूर्ति भी होगी और खेती के लिए भी पानी पूर्ण हो जायेगा और जब पानी दोनों के लिए पूर्ण होगा तो अच्छी खेती हम कर सकेंगे और जब खेती अच्छी होगी तो खुशहाली और समृद्धि हम सभी के बीच में आएगी। सांसद श्री लोधी ने कहा मैं आग्रह करता हूँ कि इस कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद हमारी पंचायतों में जहाँ पर भी पुरानी बावड़ी है और मध्यप्रदेश सरकार के अभियान को हम सफल बनाएं।

जनपद सी.ई.ओ. हलधर मिश्रा ने कहा यहॉ जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा। यहां 14 हेक्टेयर क्षेत्र में जल क्षमता विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया हैं। किशन तलैया क्षेत्र में जन भागीदारी एवं मनरेगा से जल क्षमता वृध्दि एवं जीर्णोद्धार कार्य किये जायेंगे। इसकी स्वीकृत लागत 8 लाख 98 हजार है, 30 जून के पहले-पहले इसको पूर्ण किया जायेगा।

कार्यक्रम के पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने भगवान पंचमुखी हनुमान जी, भगवान राम लक्ष्मण सीता मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने पूजन अर्चन कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार




**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारण्टियों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है ।इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उनि. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना सलेहा के अपराध क्रमांक 04/19 मे सलेहा थाना क्षेत्र मे अत्याधिक तेज गति से वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने वाले 01 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी की लगातार तलाश पतारसी की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी सलेहा को मुखविर द्वारा आरोपी राजकुमार उर्फ कज्जू व्यास के ग्राम गढ़ा थाना बमीठा मे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम गढ़ा थाना बमीठा रवाना होकर उपरोक्त स्थाई वारंटी राजकुमार उर्फ कज्जु व्यास पिता हल्के व्यास उम्र 30 वर्ष निवासी तल्ली थाना पवई को दिनांक 30.04.25 को ग्राम गढ़ा थाना बमीठा जिला छतरपुर से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

## अवैध शराब तस्करी पर 2 आरोपियों को बाइक सहित पकड़ा



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर संचालित सघन अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करतल से मोटर साइकिल से अवैध रूप से 270 पाव मस्तीह और ग्रैंड मस्ती देशी शराब मसाला का अवैध परिवहन करते हुए दो आरोपियों को आबकारी विभाग की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दो व्यक्तियों को करतल से खोरा की तरफ शराब अवैध रूप से लेकर आने के दौरान पकड़ा गया। इस दौरान ग्राम कंजरपुरवा के पास करतल-खोरा मार्ग पर घेराबंदी की गई थी। आबकारी टीम द्वारा रोककर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना नाम नवल किशोर उर्फ कल्ला लोध, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गड़ौरपुर पुलिस चौकी खोरा थाना धरमपुर तहसील अजयगढ़ और विजय बहादुर सिंह उर्फ कल्लू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खोरा थाना धरमपुर तहसील अजयगढ़ होना बताया। बाइक पर बड़ी बोरी में रखे सामान के बारे में पूछने पर उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करतल से लाई शराब होना बताया। विधिवत तलाशी लेने पर झाल में कागज के छह कार्टून में 270 पाव उत्तर प्रदेश में विक्रय हेतु निर्धारित मस्तीह और ग्रैंड मस्ती ब्रांड की देशी मदिरा मसाला शराब के टेट्रा पैक, जिसकी कुल मात्रा 54 बल्क लीटर कीमती 20,250 रुपए है, प्राप्त हुई। आरोपियों से उक्त शराब के संबंध में कोई परमिट या लायसेंस भी नहीं मिला। इस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अपराध में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद शराब और मोटरसाईकिल को जप्त किया गया।आबकारी टीम द्वारा जानकारी दी गई कि संभवत: अक्षय तृतीया पर्व पर अधिक संख्या में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों का आरोपियों द्वारा लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा था। यह विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन बिना मुहूर्त देखे भी लोग विवाह तय कर लेते हैं। प्राय: अक्षय तृतीया पर सभी गांव में वैवाहिक कार्यक्रम होता है। इससे गांवों में शराब की खपत भी बढ़ जाती है। इसी का लाभ उठाने दोनों आरोपी यूपी से सस्ती शराब लेकर अपने गांव में खपत करने की फिराक में थे, लेकिन आबकारी के मुखबिर तंत्र की सक्रियता के कारण पकड़े गए। इस कार्रवाई में आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई और सुशांत सिंह भी शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा लगातार इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## देवी प्रसाद ने गन्ना जूस मशीन स्थापित कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के जनकपुर निवासी मूलत: सब्जियों का उत्पादन और विक्रय करने वाले देवी प्रसाद कुशवाहा ने अब गन्ना जूस मशीन लगाकर आत्मनिर्भरता की ओर अपना कदम बढ़ाया है। पहाड़ीखेरा रोड पर जनकपुर में मुख्यमार्ग के किनारे सब्जी एवं किराना दुकान के माध्यम से कई वर्ष से परिवार का भरण पोषण करने वाले देवी प्रसाद ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त कर हैदराबाद से गन्ना जूस की मशीन क्रय की और कुशवाहा जूस प्वाइंट के नाम से गन्ना जूस की दुकान खोली।

देवी प्रसाद ने बताया कि विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी मिला। देवी प्रसाद की गन्ना जूस दुकान से दैनिक रूप से बढ़िया आमदनी की शुरूआत होने से वे खुश हैं और कहते हैं कि दुकान में बेहतर स्वच्छता और साफ-सफाई से ग्राहकों का रूझान भी बढ़ा है। बिजली से संचालित इस मशीन में आसानी से गन्ना जूस प्राप्त हो जाता है और हाथ मशीन की अपेक्षा इस मशीन के उपयोग से काफी सहूलियत है। देवी प्रसाद कुशवाहा अपने खेत में सब्जी एवं अन्य फसलों के उत्पादन के साथ ही स्वयं आधा एकड़ जमीन पर गन्ने की पैदावार भी करते हैं।

उन्होंने कहा कि उद्यानिकी विभाग की

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीपीएमयू की बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की डीपीएमयू की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता सहित डाइट की एकेडमिक फेकल्टी, जिला शिक्षा केंद्र से समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, सभी ब्लॉक के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और एफएलएन प्रभारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा शासन के मंशानुरूप विद्यालय स्तर तक पुस्तकों का समय सीमा में परिवहन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आगामी एफएलएन एंड लाइन सर्वे के संदर्भ में सभी चयनित 55 शालाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने, 16 जून से खुलने वाले विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रत्येक माह होने वाली विकासखंड स्तरीय बैठक में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सभी कर्मचारियों की एक साथ सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा अनेक स्तरों पर होने वाले निरीक्षणों को जिला स्तरीय कार्यालय से अनुमोदन करवाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

### राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई शासकीय कार्य की शुरूआत

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुरेश कुमार की उपस्थिति में मई माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के संगीतमय सामूहिक गान के साथ शासकीय कामकाज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## रक्सेहा में रोका बाल विवाह

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा बाल विवाह की रोकथाम और निगरानी के लिए खण्ड एवं ग्राम व वार्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है। इस क्रम में विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना की अध्यक्षता में गठित दल द्वारा चाईल्ड लाइन से प्राप्त शिकायत के आधार पर रक्सेहा में बाल विवाह को रोकने की कार्यवाही की गई। बाल विवाह की निगरानी और रोकथाम के लिए गठित दल द्वारा मौके पर जाकर बालिका के पिता, दादी एवं मौसी को समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी अशोक विश्वकर्मा द्वारा बालिका के पिता को समझाया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यह बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत अपराध की श्रेणी में भी है। बाल विवाह में शामिल वर-वधु के परिजन व सेवा प्रदाताओं को भी सजा का प्रावधान किया गया है। कम आयु में विवाह से शारीरिक और मानसिक विकास भी अवरूद्ध हो सकता है। इसके अलावा उक्त बालिका मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत है। इससे बाल विवाह की स्थिति में वह योजना के लाभ से भी वंचित रह जाती। समझाईश के दौरान परिजनों द्वारा बाल विवाह न करने की सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक नीलम द्विवेदी सहित रक्सेहा सरपंच प्रतिनिधि कालूराम दास, सहायक ग्रेड 3 सौरभ खरे, ब्लॉक समन्वयक नीलेश पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनती गोलदार एवं पुलिस विभाग से बीट प्रभारी लक्ष्मीनारायण यादव और उनकी टीम भी उपस्थित रही।

### युवा कांग्रेस के चुनाव निष्पक्ष कराये जायेगे : तुल्ला रवि

**दमोह, देशबन्धु।** जिला स्तरीय युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर संभागीय प्रभारी जोनक रिटर्निंग अधिकारी जेड.आर.ओ तुल्ल रवि ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर युवा इकाईयों से मिलकर युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया से अवगत कराया उन्होंने बताया कि आनलाइन नामांकन 27 अप्रैल से 6 मई तक होगे जो पूरे जिले के जो भी युवा जिलाअध्यक्ष अथवा शहर अध्यक्ष बनना चाहते है वह अधिक से अधिक नामांकन करवाये और चुनावी समर में भाग लें। मुख्य अतिथ्यि कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि जिले के सातो ब्लाको में पूर्व से ही सूचना पहुंचा दी गई है उनका मानना है कि युवाओं की सर्वाधिक भागेदारी दमोह जिले से ही होगी। राजेश तिवारी, भूपेन्द्र आजवानी, दिनेश रैकवार, अफजल खान, रफीक खान, मंजीत यादव, अरूण दुबे, रिंकू जैन, राकेश दुबे, अनुज ठाकुर, जावेद रोजान ने भी जोड. आर. ओ, का स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी जो की मंशानुसार जो युवा कांग्रेस के चुनाव निर्वाचन से कराये जा रहे है उससे नहीं युवा निकल कर आयेगा जो कांग्रेस के प्रति समर्पित है।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जनकपुर में लगाया शिविर



***पन्ना, देशबन्धु।*** *प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरूवार को गांधीग्राम, जनकपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर नालसा (असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत उपस्थित श्रमिकों एवं महिलाओं को विधिक योजनाओं की जानकारी दी गई।*

*शिविर में प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि संविधान की नजर में समस्त व्यक्ति एक समान हैं एवं सभी को जीवन में आगे बढ़ने, विकास करने एवं एक गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। इस अधिकार का हनन कोई अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को भी अपने जीवन को बेहतर बनाने एवं अपने परिवार के कल्याण हेतु अन्य व्यक्तियों के समान ही अधिकार प्राप्त हैं एवं यदि कोई व्यक्ति उनके किसी भी अधिकार का हनन करता है, तो वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर न्याय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों को अपने अधिकारों को जानने एवं अधिकारों का हनन होने पर जिला श्रम कार्यालय एवं प्राधिकरण कार्यालय में शिकायत कर न्याय प्राप्त करने की अपील की।*

*जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित श्रमिक वर्ग को श्रमिकों के विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का यह अधिकार है कि जहां भी वह कार्य करे, वहां मूलभूत सुविधाओं जैसे महिला एवं पुरुष श्रमिक हेतु पृथक टॉयलेट व्यवस्था होना चाहिए। श्रमिकों के कार्यस्थल में इतनी साफ-सफाई भी हो कि उन्हें कोई शारीरिक बीमारी होने का खतरा न रहे एवं ऊंचाई में काम करने वाले स्थानों में सुरक्षा जाली या अन्य सुरक्षात्मक उपकरण का होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों से जबरन कार्य नहीं लिया जा सकता एवं निश्चित कार्य अवधि के बाद कार्य लिए जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य अवधि के लिए दोगुना पारिश्रमिक देने का प्रावधान है। इस दौरान बाल मजदूरी की रोकथाम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के सभी तरह के कार्यों में नियोजन निषेध होने और नियमों के उल्लंघन पर क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक अथवा श्रम पदाधिकारी को शिकायत करने के बारे में अवगत कराया गया।*

*चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विधिक सहायता योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदान की। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को कृषि, स्वास्थ्य, खान पान एवं पोषण की जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी पी.एन. त्रिपाठी ने दी। उन्होंने श्रमिकों को कम कीमत में अधिकतम पोषण एवं आय वाले उपयोगी पौधों, सब्जियों एवं फलों की जानकारी भी प्रदान की। उपस्थित श्रमिकों को कृषि संबंधित एवं जैविक खाद बनाने के लिए उपकरण व जरूरी सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया ने श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की।*

# निगमायुक्त ने स्थल निरीक्षण कर अधूरे कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्मार्ट सिटी अंतर्गत निर्माणाधीन रोडों के प्रगति कार्य का निरीक्षण इंजीनियर्स और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ किया। उन्होंने डिम्पल पेट्रोल पंप से अप्सरा अंडर ब्रिज तक, वर्णी कॉलोनी से कीर्ति स्तम्भ तक, तिली चौराहे से गिरधारीपुरम तक, गिरधारीपुरम से न्यू आरटीओ तक और तीन मढ़िया से एमएलबी स्कूल तक निर्माणाधीन रोड कार्यों का निरीक्षण करते हुये सभी निर्माण कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिये। तीन मढ़िया से एमएलबी स्कूल तक ब्लैक टॉपिंग और रोड मार्किंग, स्ट्रीट लाइट सहित रोड निर्माण कार्य लगभग पूर्ण किये गये हैं, डिवाइडर पर पेंट एवं प्लांटेशन आदि साज सज्जा कार्य किये जा रहे हैं। डिम्पल पेट्रोल पंप से अप्सरा अंडर ब्रिज रोड निर्माण के दौरान बाधक बन रहे मकानों को भवन स्वामियों द्वारा स्वयं तोड़कर रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है यह देखकर निगमायुक्त ने रहवासियों से बात की और पर्याप्त चौड़ाई के रोड निर्माण कार्य में स्थानीय रहवासियों द्वारा सहयोग की इस भावना की सराहना की। उन्होंने कहा की सड़क का चौड़ा और सुव्यवस्थित निर्माण होने से रहवासियों को ही अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने स्मार्ट रोड फेस.2 एवं फेस.3 अंतर्गत बनाई गई रोडों के शेष बचे अधूरे कार्यों को गति के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। राजघाट तिराहे से धर्मश्री रोड अंतर्गत जगह-जगह छूटे रोड बाइडनिंग पेच सहित कल्वर्ट, नाला, टोवॉल, सेन्ट्रल मीडियन निर्माण और कनेरा देव ब्रिज के बगल में समानांतर लगभग 7 मीटर कैरिज.वे वाले 50 मीटर लम्बे ब्रिज का निर्माण आगामी बारिश से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की इस ब्रिज के निर्माण से यहां कुल 14 मीटर चौड़ा केरीज.वे उपलब्ध होने से आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा। जीवन रेन बसेरा से इमान्युअल स्कूल, रेल्वे स्टेशन प्लेटफॉर्म.1 से शनिदेव मंदिर कबूला पुल, दीनदयाल चौक से परकोटा, राजघाट जंक्शन से न्यू आरटीओ, सोमनाथ पुरम से किशोर न्यायालय, पीली कोठी से डिम्पल पेट्रोल पंप, संगीत विद्यालय रोड, गोपालगंज रोड कल्वर्ट आदि अन्य शेष कार्य प्राथमिकता तय करते हुये समय पर पूरा करें।

## शिक्षाकर्मी जाएंगे न्यायालय की शरण में



**सागर, देशबन्धु।** सुंदरलाल श्रीवास्तव मेमोरियल कॉलेज मकरोनिया में बैठक हुई जिसमें मुख्य बिंदु इंदौर हाईकोर्ट द्वारा शिक्षा कर्मियों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासकीय कर्मचारियों के समान सेवा शर्तों का निर्धारण करते हुये एक-एक 2006 से छठवां वेतनमान 6 प्रतिशत ब्याज सहित आदेश का लाभ सागर जिले के लोक सेवकों को दिलाये जाने हेतु गहन विचार विमर्श हुआ। शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि जिले के समस्त शिक्षा कर्मी अपनी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु हाईकोर्ट जायेंगे संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा लोक सेवकों को हो रहे आर्थिक नुकसान के लिये पहले निर्धारित प्रपत्र में सभी संकुल में पदस्थ शिक्षा कर्मी प्रथम चरण में आवेदन देंगे इसके लिये एक कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में शैलेंद्र जैन प्राचार्य, राममिलन मिश्रा, मयंक नेमा, आनंद अहिरवार, डीडी गोस्वामी राजाखेड़ी, वीरेंद्र अहिरवार, हेमराज चौधरी, संजय सैनी, डीएस ठाकुर, प्रदीप श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित थे।

## कार्यालय अधीक्षक आरबी जोशी सहित 4 कर्मचारी हुये सेवानिवृत



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम में 43 वर्ष तक सेवारत रहे वर्तमान में कार्यालय अधीक्षक आरबी जोशी सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत 3 अन्य कर्मचारी जुझार सिंह ठाकुर सहायक राजस्व निरीक्षक, अब्दुल सत्तार लाईनमेन एवं कमलेश रैकवार सहायक राजस्व निरीक्षक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर नगर निगम सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपायुक्त एसएस बघेल एवं नगर निगम के कर्मचारियों ने शाल श्रीफल से सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। इस अवसर पर आरबी जोशी के द्वारा विभिन्न विभागों में रहते हुये उनकी कार्यप्रणाली के प्रशंसा की गई। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक संजय तिवारी, लेखापाल अभिषेक तिवारी, शरद ठाकुर, मनोज चौबे, मनोज तिवारी, जया श्रीवास्तव, विजया श्रीवास्तव, माधव चढ़ार, शकुनलता गोस्वामी, पूजा श्रीवास्तव, संध्या तिवारी, कल्पना श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर निगम की कार्यवाही: बिना लाइसेंस के नमन मोबाइल दुकान सील



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ति लाइसेंस अनिवार्यता को लेकर की जा रही कार्यवाही के तहत गुरुवार को तुलसी नगर वार्ड स्थित नमन मोबाइल प्रतिष्ठान को सील कर दिया। यह कार्यवाही निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश पर सहा. आयुक्त आनंद मंगल गुरु द्वारा की गई। सहायक आयुक्त ने बताया कि शासन आदेशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों को व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, होटल, ज्वेलर्स, खाद्य सामग्री विक्रेताओं, लाज, किराना, जनरल स्टोर, फल सब्जी विक्रेता, इलेक्ट्रॉनिक सामान विक्रेता, ट्रांसपोर्ट, रेडीमेड गारमेंट्स, फैक्ट्री, वाहन शोरूम, अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, बिल्डर्स सहित सभी को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। नमन मोबाइल के संचालक केशव पटेल से जब लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, तो उनके पास वैध अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। नियमानुसार प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। मप्र शासन द्वारा 18 अप्रैल 2023 को जारी राजपत्र के अनुसार नगर निगम सीमा में व्यापार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया है। निर्धारित शुल्क के अनुसार मोहल्ला कालोनी में 4 रुपये प्रति वर्गफुट, मध्यम बाजारों में 5 रुपये और बड़े बाजारों में 6 रुपये प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष शुल्क तय किया गया है। वहीं गुमटी या कच्ची दुकानों के लिए न्यूनतम 250 रुपये और व्यावसायिक वाहनों के लिये 250 से 400 रुपये तक का शुल्क निर्धारित किया है। यदि कोई लाइसेंसधारी व्यक्ति यातायात में बाधा उत्पन्न करता है, तो उसकी अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जायेगी। लाइसेंस का नवीनीकरण इसकी समाप्ति से एक माह पूर्व कराना अनिवार्य है। एक वर्ष तक नवीनीकरण नहीं करने पर लाइसेंस स्वत: निरस्त मानकर प्रतिष्ठान को सील कर दिया जायेगा। दुकान सील करने की कार्यवाही में उपयंत्री संयम चतुर्वेदी, देव कुमार चौबे, शशांक रावत, अनुरुद्ध चाचौंदिया एवं संजय सोनी शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत स्थानीय विषयों पर की चर्चा



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गढाकोटा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुये। गढाकोटा आगमन पर मुख्यमंत्री का जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, रानी कुशवाहा, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ स्वागत किया। गढाकोटा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री से श्याम तिवारी ने संगठनात्मक एवं स्थानीय विषयों पर चर्चा की। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कश्यप के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट की विशेष मांग के साथ ही पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 1 मई मजदूर दिवस को मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ पूरे प्रदेश में पत्रकारों के हक अधिकारों एवं पत्रकारों पर बेवजह की जाने वाली प्रताड़ना, तथा फर्जी मुकदमों को लेकर हमेशा संघर्ष करता रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को कलेक्टर को मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान साकेत जैन, अजय श्रीवास्तव, आदित्य यादव, उमेश यादव, प्रमोद राजपूत, अतुल अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, अमित मिश्रा, भूपेंद्र ठाकुर, अर्पित सेन, सोनू कुशवाहा, सीताराम पलैया, महेश भाई, अनुराग विश्वकर्मा, रामावतार पटेल सहित जिले के सभी ब्लाक अध्यक्ष व बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने सचिव को किया निलंबित

**सागर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी ने ग्राम में कराये गये विकास कार्यों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जनपद पंचायत बंडा के ग्राम पंचायत जमुनिया सचिव धनप्रसाद तिवारी को निलंबित किया। जिला पंचायत कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बंड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के अनुसार तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत झागरी वर्तमान ग्राम पंचायत जमुनिया सचिव धनप्रसाद तिवारी से जनपद पंचायत बंडा कार्यालय द्वारा रामजी दांगी तत्कालीन सरपंच झागरी के कार्यकाल में कराये गये निर्माण कार्यों के फाइल, बिल व्हाउचर एवं माप पुस्तिका चाहे गये जिसमें सचिव ने पेयजल परिवहन, नल जल योजना, नल कूप खनन एवं मोटर पंप की फाइले तो प्रस्तुत की लेकिन ग्रेवल सड़क निर्माण से संबंधित केवल ईपीओ ही प्रस्तुत किये। कार्यों की माप पुस्तिका एवं ग्रेवल सड़क निर्माण की फाईल, बिल व्हाउचर एवं माप पुस्तिका प्रस्तुत नहीं की गई जिससे कराये गये कार्यों का मूल्यांकन नहीं हो सका। इस संबंध में धनप्रसाद तिवारी को बताओ नोटिस जारी कर समयावधि में जबाब चाहा गया। सचिव धनप्रसाद तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जवाब समाधानप्रद नहीं पाये जाने के कारण सचिव धन प्रसाद तिवारी अधिरोपित आरोपों मे दोषी प्रतीत होते हैं। सचिव धनप्रसाद तिवारी का उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों निर्देशों की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। धनप्रसाद तिवारी को पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 एवं म.प्र. पंचायत सेवा सेवा ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा शर्ते नियम 2011 में दिये गये प्रावधानों अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## खून से लथपथ शव सड़क पर पड़ा मिला, परिजन बोले हत्या की गई



**बांदरी, देशबन्धु।** ग्राम पिठोरिया में युवक का शव गुरुवार को सड़क पर पड़ा मिला। वह बुधवार की रात बांदरी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। मामला सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस के अनुसार ग्राम पिठोरिया के पास सड़क पर युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पहुंचकर मामले की जांच में मृतक की पहचान शरद तिवारी 21 निवासी पिठोरिया के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वाले मौके पर आ गये। उन्होंने गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। साथ ही दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मृतक के भाई आकाश तिवारी ने बताया कि भाई शरद बुधवार रात बांदरी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गये थे। इसी दौरान गांव के बंटी रजक समेत अन्य से विवाद हुआ था। उनका मेरे पास फोन भी आया था। विवाद के दौरान उन्होंने ही मेरे भाई की हत्या की है। मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होना चाहिये। बांदरी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि सड़क पर युवक का शव मिला था। प्राथमिक जांच में मृतक की किसी ठोस वस्तु से सिर पर हमला कर हत्या की जाना सामने आया है। मामले में पिठोरिया निवासी बंटी रजक, विनोद रजक और देवेंद्र रैकवार के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपियों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार एनयूएलएम शाखा के स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में जागरूकता हेतु रैली निकाली गई तथा जल संरक्षण हेतु शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विक्रम जैन सिटी मैनेजर की टीम, भागवत प्रसाद पनिका, सिटी मैनेजर कल्पना श्रीवास्तव, सामुदायिक संगठक और दिनेश सिंह राजपूत सामुदायिक सगठक उपस्थित थे।

## श्रमिक दिवस पर नगर निगम कर्मचारी संघ की याचिका में नगर निगम उपायुक्त को न्यायालय से नोटिस

**सागर, देशबन्धु।** श्रमिक दिवस के अवसर पर उच्च न्यायलय द्वारा नवीन दायर प्रकरणों में श्रमिक संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये नगर निगम सागर में प्रतिनियुक्ति पर आये उपायुक्त को नोटिस जारी किये गये। अधिवक्ता उत्तम माहेश्वरी द्वारा बताया गया की विधि अनुसार नगर निगम में शासकीय कर्मचारी ही प्रतिनियुक्ति पर भेजे जा सकते है। इसके विपरीत सेडमैप के कर्मचारी डॉ. सुनील सिंह बघेल को मप्र शासन द्वारा नगर निगम में उपायुक्त के पद पर प्रतिनियुक्ति में भेजा गया है। यह जानकारी जब मप्र नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ यूनिट सागर की अध्यक्ष वर्षा समद के संज्ञान में आई तो उन्होंने विधिक नोटिस जारी किया। नोटिस पश्चात भी जब कार्यवाही नहीं हुई। तो श्रमिक संघ ने उच्च न्यायालय ने याचिका दाखिल की गई। श्रमिक दिवस पर सुनवाई के दौरान श्रमिक संघ की और से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप नायर एवं अधिवक्ता उत्तम माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने सेडमैप एवं डॉ. बघेल को नोटिस जारी करते हुये शासन को निर्देश दिये कि वह भी अपना जवाब प्रस्तुत करे। जवाब के लिये एक सप्ताह का समय दिया गया है। विधि विरुद्ध प्रतिनियुक्ति पर उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने से श्रमिक संघ के राजेश सिंह, जया श्रीवास्तव, कुलदीप वाल्मीकि, अनुराग दुबे, देवकुमार चौबे, शशांक रावत, अजय रैकवार आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जिला कोषालय में समग्र आईडी वेरिफिकेशन के लिए शिविर का होगा आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** कर्मचारियों और अधिकारियों की समग्र आईडी लिंकिंग एवं वेरिफिकेशन प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिये जिला कोषालय में 5 से 9 मई तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोषालय अधिकारी के अनुसार पूर्व में कई बार निर्देश दिये जाने और शिविर लगाये जाने के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों की समग्र आईडी वेरिफिकेशन प्रक्रिया लंबित है। अब इस विशेष शिविर को अंतिम अवसर के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने शेष अधिकारी कर्मचारियों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करायें और इसके लिये संबंधित लेखापाल की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। कोषालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समग्र आईडी वेरिफिकेशन कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही कर्मचारियों के वेतन आहरण की कार्यवाही की जा सकेगी। सभी विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेकर इस कार्य को समय सीमा में पूरा करायें ताकि भविष्य में कर्मचारियों को वेतन संबंधी कोई असुविधा न हो।

## 2 अलग-अलग हादसों में 6 लोग घायल



**शाहगढ़, देशबन्धु।** गुरुवार की सुबह और दोपहर में हुये दो अलग-अलग सड़क हादसे तीन बाईक पर छह लोग घायल हुये। जानकारी अनुसार दोपहर को हुई दो बाइक की आपसी भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। तीनों घायलों की हालत गंभीर होने पर शाम को एम्बुलेंस से सागर जिला अस्पताल रेफर किया। गुरूवार दोपहर दो बजे के दरम्यान रामटोरिया रोड पर बाबा मंदिर के मोड़ पर सामने बाइक से आ रहे भरत पुर निवासी अभिषेक साहू 25 की डोगरपुर निवासी बाइक सवार हरिंद्र सिंह ठाकुर 30, चाचा हरदेव सिंह ठाकुर 35 को बाईक पर बैठाकर शाहगढ़ से अपने घर डोगरपुर आ रहे थे, बाबा मंदिर के मोड़ पर तेज गति से आ रहे अभिषेक की बाईक अनियंत्रित होकर आमने सामने दोनों बाईक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। मौके पर मौजूद राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अभिषेक को दो बजे और चाचा भतीजे दोनों को शाम पांच बजे सागर रेफर कर दिया गया। इसके पूर्व सुबह 9 बजे हुआ सड़क हादसा में एक बाईक सवार तीनों युवक घायल हो गये थे, बताया जा रहा है कि बंडा निवासी सुरेंद्र बंसल 17, अभिसान बंसल 21 और साजिद बंसल 21 तीनों युवक एक बाईक पर सवार होकर बंडा अपने घर की ओर आ रहे थे, हादसे में घायल तीनों युवकों को भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, अस्पताल प्रशासन ने बताया कि अत्याधिक नशे की वजह से बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई, घायल तीनों युवक शायद कहीं शादी में शामिल होकर घर बंडा लौट रहे थे।

## श्रमिकों का सम्मान व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर विवि में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान एवं श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय पुस्तकालय के रंगनाथन भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। संचालन और रूपरेखा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वीरेंद्र सिंह मटसेनिया ने प्रस्तुत की, स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. केशव टेकाम ने दिया। कुलपति ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रमिकों को राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुये कहा कि उनका श्रम ही राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। झोपड़ी से लेकर मल्टीप्लेक्स तक के निर्माण में श्रमिकों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं पर हो रहे शोध कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि श्रम का अर्थशास्त्र से गहरा संबंध है और उन्हें समाज एवं नीति निर्माण में उचित स्थान मिलना चाहिये। इस अवसर पर कुलपति ने श्रमिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा श्रमिक दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। कुलपति प्रो. गुप्ता ने इस वर्ष की श्रमिक दिवस थीम स्वास्थ्य जागरूकता के अनुरूप विवि परिसर में निर्माणाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के लिये नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ श्रमिक ही राष्ट्र की नींव को मजबूत बनाते हैं। मुख्य वक्ता जिला श्रम अधिकारी सृष्टि तिवारी ने श्रमिकों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि भारत में स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी श्रमिकों के लिये बने कानूनों का समुचित क्रियान्वयन नहीं हो सका है। उन्होंने समाज की जिम्मेदारी बताई कि हम श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और उनकी समस्याओं को दूर करने में सहयोगी बनें। मानविकी एवं समाज विज्ञान की अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्रमिकों के शारीरिक श्रम को विकास की नींव बताया और उन्हें सम्मान देने का आह्वान किया। श्रमिक दिवस के अवसर पर कुलपति ने प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में निर्माणाधीन संग्रहालय भवन में पहुंचकर श्रमिकों से मुलाकात की और उन्हें मिष्ठान्न, खाद्य एवं शीतल पेय भेंट किये। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा इंजीनियरिंग विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।